CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम: 15°C

नई दिल्ली, सोमवार 6 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 363 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 17 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हिमंता बिस्वा सरमा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री : राहुल गांधी पेज 2



मोहम्मद शमी की आंधी में उड़ी हैदराबाद टीम खेल टाइम्स



युद्ध अपराधी हैं डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू सम्पादकीय



अमेरिकी पायलटों को ईरान से सुरक्षित निकाला: ट्रम्प पेज 12

# पायलट बचाने में अमेरिका ने खोए दो हेलीकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान

तेहरान, वार्ता

**ईरान और** अमेरिका के बीच जारी युद्ध लगातार तेज होता दिख रहा है। ईरान की ओर से लगातार अमेरिका विमानों को मार गिराने का दावा किया जा रहा है। रविवार को ईरान की ओर से अमेरिका के विमानों को तबाह करने के सबूत जारी किए गए हैं।

ईरानी न्यूज एजेंसी ने अमेरिका के विमानों के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं। ईरान का दावा है कि उसने इस्फहान इलाके में अमेरिकी सैन्य मिशन के दौरान दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर और दो सी-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मार गिराया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से तस्वीरें और वीडियो जारी किए गए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई। आईआरजीसी ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना डाउन हुए पायलट को बचाने के लिए ऑपरेशन चला रही थी, लेकिन इस दौरान उसके एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया। इससे पहले ईरानी मीडिया एक विमान गिराने की बात कह चुका था, लेकिन अब आईआरजीसी ने चार एयरक्राफ्ट तबाह करने का दावा किया है। इसके अलावा ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के कथित मलबे की तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में भी विमानों मलबा बिखरा हुआ दिख रहा है। इससे पहले ईरानी मीडिया ने दावा किया था कि लापता अमेरिकी पायलट की तलाश में भेजे गए मिशन के एक विमान को निशाना बनाया गया। ईरान इससे पहले भी अमेरिकी एफ-15 और ए-10 जैसे विमानों को गिराने का दावा कर चुका है। फिलहाल, अमेरिकी पक्ष ने इस नए दावे या तस्वीर पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।



ईरान ने अमेरिकी विमानों को तबाह करने के सबूत देते हुए विमानों के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए

## ईरान के आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मार गिराया

**तेहरान।** आईआरजीसी ने इस्फहान शहर के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 रीपर को मार गिराया है। प्रेस टीवी ने आईआरजीसी के एक बयान का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी है। इससे पहले, ईरान के खातम अल-अंबिया सैन्य कमांड के केन्द्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने कहा था कि ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार को तीन एमक्यू-9 रणनीतिक ड्रोनों को निष्क्रिय कर दिया था। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए थे, जिससे जान माल का काफी नुकसान हुआ। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है।

## कुवैत में वित्त मंत्रालय और तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले

**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया, जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है, जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमलों में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। कुना समाचार एजेंसी के अनुसार हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल में यूपी के 6000 से अधिक श्रमिक सुरक्षित

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध को लेकर तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डा. शमुंगा सुंदरम ने कहा कि यदि कोई श्रमिक भारत लौटना चाहता है, तो उसके लिए जॉर्डन के रास्ते वापसी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार लगातार उनकी स्थिति की निगरानी कर रही है और आवश्यकता पड़ने पर वापसी की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। नियमित रूप से इजरायल स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां मौजूद सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति की सूचना नहीं है।

### चुनाव आयोग ने विस चुनावों से पहले जब्त किए 650 करोड़

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि 2026 के विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से कानून लागू करने वाली देश की विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 650 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुएं और अन्य प्रलोभन सामग्री जब्त की है। आयोग ने रविवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए बताया कि 15 मार्च को असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों तथा छह राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के सख्त अनुपालन को प्राथमिकता दी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 26 फरवरी से पांच अप्रैल के बीच कुल 651.51 करोड़ रुपये की जब्ती हुई, जिसमें 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 231 करोड़ रुपये से अधिक की अन्य वस्तुएं शामिल हैं।

### झारखंड समेत छह राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में अप्रैल के पहले हफ्ते में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। कई राज्यों में लू चलती है। दक्षिणी और समुद्र किनारे बसे राज्यों में उमस भरा मौसम रहता है, लेकिन इस बार पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। तटीय राज्यों में बारिश, मैदानी इलाकों में ओले गिर रहे हैं। तापमान भी 35 डिग्री सेल्सियस से कम या आसपास है। इसका कारण है लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस)। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मार्च-अप्रैल में अमूमन इतने ज्यादा विक्षोभ नहीं बनते। इनका असर उत्तर भारत में देखने को मिलता है। इस बार इनकी पोजिशन उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में है। इसे अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी से भरपूर नमी मिली और जमकर आंधी-बारिश हुई। अकेले मार्च में देश पर 8 पश्चिमी विक्षोभों का असर पड़ा, जबकि सामान्य तौर पर यह संख्या 5 या 6 होती है।

# एपस्टीन और अनिल अंबानी के बीच सैकड़ों मैसेज-ईमेल हुए

## दावा: यौन अपराधी ने खुद को व्हाइट हाउस का इनसाइडर बताया

न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिका के** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 2017 में उद्योगपति अनिल अंबानी के सामने खुद को डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के व्हाइट हाउस के 'इनसाइडर' की तरह पेश किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच दो साल तक सैकड़ों मैसेज और ईमेल हुए। इनमें एपस्टीन ने ट्रम्प प्रशासन की नियुक्ति व विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां साझा कीं, जो बाद में सही भी निकलीं।

हालांकि, इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि एपस्टीन की व्हाइट हाउस तक सीधी पहुंच थी। मैसेज में अनिल अंबानी ने एपस्टीन को लिखा था कि 'भारत के रिश्ते और रक्षा सहयोग के लिए व्हाइट हाउस से डील करने में आपकी गाइडेंस चाहिए।' जवाब में एपस्टीन ने 'इनसाइड' जानकारी देने का वादा किया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी मैसेज के रीव्यू के आधार पर बताया कि अनिल अंबानी और एपस्टीन के बीच बातचीत सिग्नल और टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर होती थी, जहां अंबानी 'अरमानी ए' नाम से सक्रिय थे। यह संपर्क उस दौर का है, जब एपस्टीन नाबालिगों से जुड़े अपराधों में जेल की सजा काट चुका था। इनका परिचय दुबई की कंपनी डीपी वर्ल्ड के चेयरमैन सुल्तान अहमद बिन सुलाएम ने कराया था। एपस्टीन ने जब दीपक चोपड़ा से अंबानी के बारे में राय मांगी, तो चोपड़ा ने उन्हें 'बेहद अमीर, चर्चा में रहने का शौकीन और सेलेब्स के प्रति सजग' व्यक्ति बताया था। मैसेज में एपस्टीन खुद को असरदार पावर ब्रोकर के रूप में पेश करता दिखा। मार्च 2017 में अनिल अंबानी ने एपस्टीन से पूर्व सीआईए डायरेक्टर डेविड पेट्रेयस के भारत में अमेरिकी राजदूत बनने की संभावना पूछी थी। एपस्टीन ने जवाब दिया था- वे प्राथमिकता में नहीं हैं। बाद में केनेथ जस्टर राजदूत बने। जुलाई 2017 में एपस्टीन ने यह 'इनसाइड' जानकारी भी दी कि जान बोल्टन नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) होंगे। हालांकि, तब ट्रम्प ने मौजूदा एनएसए मैकमास्टर का बचाव किया था। हालांकि, 8 महीने बाद एपस्टीन की बात सच साबित हुई और बोल्टन ने ही पद संभाला। एपस्टीन ने अनिल अंबानी को ट्रम्प के बेहद करीबी लोगों, जैसे स्टीफन बैनन और थामस बैरक जूनियर से मिलवाने का प्रस्ताव दिया था। बोल्टन 9 अप्रैल, 2018 को एनएसए बने और ट्रम्प ने 10 सितम्बर 2019 को उन्हें पद से हटा दिया। बैरक उस वक्त ट्रम्प की इनॉगरेशन कमेटी के अध्यक्ष थे। एपस्टीन ने दिग्गजों को यह भरोसा दिलाया कि अंबानी से जुड़ना उनके लिए फायदेमंद होगा। वहीं, अनिल अंबानी ने खुद को भारत में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली बताते हुए मैसेज लिखा कि 'लीडरशिप' चाहती है कि एपस्टीन उनकी मुलाकात जेरेड कुश्नर और बैनन से कराने में मदद करे। अनिल अंबानी की अमेरिकी डिफेंस पॉलिसी में दिलचस्पी की वजह यह भी बताई गई है कि 2016 में उन्हें राफेल के पार्ट्स से जुड़ी डील मिली थी। उस वक्त आलोचकों ने भारत सरकार पर अंबानी को फायदा पहुंचाने के आरोप लगाए थे, जिन्हें सरकार ने खारिज किया था। अंबानी ने लिखा था कि भारत के लिए अमेरिकी राजदूत का चयन उनके लिए बेहद 'अहम' है। वे चाहते थे कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से निपटने के लिए इस पद पर कोई 'मजबूत' व्यक्ति आए।



नियुक्ति-विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां दीं, जो बाद में सही निकली

व्हाइट हाउस से संपर्क करने में अनिल अंबानी ने मांगी थी मदद

### अनिल अंबानी-एपस्टीन के बीच पैसों के लेनदेन का भी जिक्र

**न्यूयॉर्क।** 2019 में जब अनिल अंबानी की कंपनियों पर आर्थिक संकट गहराया और उन्हें कर्ज चुकाने के लिए भाई मुकेश अंबानी की मदद लेनी पड़ी, तब एपस्टीन उन्हें मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दे रहा था। हालांकि, एपस्टीन ने संदेशों में लिखा कि उसे पैसे की जरूरत नहीं है, लेकिन एक ईमेल में 'ट्रांजैक्शन डन' का जिक्र मिला। रिपोर्ट के अनुसार, 23 मई 2019 को भारत में चुनावी नतीजों के दिन अनिल अंबानी न्यूयॉर्क में एपस्टीन के घर गए थे। इसके कुछ ही हफ्तों बाद एपस्टीन को नाबालिगों की यौन तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

# ऑनलाइन माध्यम से ही बुक कराएं सिलेंडर: सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेन्सियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक कराएं और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाएं।

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारू और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है और फिलहाल देश में इनका पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा है कि एलपीजी वितरकों के पास गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है और ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है। शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर शनिवार को 90 प्रतिशत हो गई है ताकि हेराफेरी को रोका जा सके। प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को शनिवार को 5 किलोग्राम के 90,000 से अधिक सिलेंडर बेचे गए। देश में पीएनजी विस्तार तेजी से बढ़ रहा है और मार्च से 3.6 लाख कनेक्शन को गैस आपूर्ति शुरू की गई है और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण हुए हैं। पश्चिम एशिया में फंसे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई। विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में विकसित हो रही स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और 28 फरवरी से अब तक 7 लाख दो हजार से अधिक भारतीय स्वदेश लौटे हैं। सरकार ने कहा है कि वह पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और घबराहट में खरीदारी तथा अनावश्यक बुकिंग से बचें। एलपीजी की जमाखोरी और काला बाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। मार्च से अब तक राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की संयुक्त टीमों द्वारा 50,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। कंपनियों के अधिकारियों को अचानक निरीक्षण की प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जमाखोरी और काला बाजारी की किसी भी घटना को रोका जा सके। अब तक एलपीजी वितरकों को 1400 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा, अब तक 36 एलपीजी वितरकों को निलंबित किया जा चुका है। उपभोक्ताओं को डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति के साथ प्राथमिकता दी गई है।

■ कहा: आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाएं, गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं



एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी

## अहमदाबाद प्लेन हादसे के पीड़ित परिवारों का पीएम को लेटर

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया प्लेन क्रैश के 10 महीने बाद करीब 30 पीड़ित परिवारों ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने पीएम से फ्लाइट का ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) डेटा सार्वजनिक करने की मांग की है। परिजनों ने कहा कि हमें पैसे नहीं चाहिए। हमें सच्चाई जाननी है। हम जानना चाहते हैं कि हादसा क्यों हुआ और क्या इसमें कोई तकनीकी खराबी थी। परिजनों का कहना है कि अगर ब्लैक बॉक्स डेटा सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, तो कम से कम इसे निजी तौर पर परिवारों के साथ साझा किया जाए। 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग 787-8 विमान टेकऑफ के तुरंत बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिर गया था। इस हादसे में 241 यात्री और 19 अन्य लोगों समेत कुल 260 लोगों की मौत हुई थी। पीड़ित परिवारों ने पीएम को लिखे लेटर में एयर इंडिया की तरफ से मदद की कमी का आरोप लगाया।

कहा: हम पैसे नहीं, हादसे की वजह जानना चाहते हैं, ब्लैक बॉक्स डेटा की मांग

# TMC के पापों का घड़ा अब भर चुका: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था।

टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। उन्होंने संदेशखाली जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बताया। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर टीएमसी के करप्शन का भय है, तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक और टीएमसी के घुसपैठ कराने का भय है, तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है। तृणमूल कांग्रेस की सरकार में बंगाल की डेमोग्राफी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को टीएमसी का समर्थन है। हमारी सरकार उन्हें चुन-चुनकर बाहर कर रही है।



अब जनता बदलाव चाहती है, चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी

# चुनाव आयोग को स्वतंत्र रहना चाहिए: जस्टिस नागरत्ना

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि चुनाव आयोग को पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहिए और उस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए।

उन्होंने पटना की चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 'कॉन्स्टीट्यूशनलिज्म बियॉन्ड राइट्स: व्हाई स्ट्रक्चर मैटर्स' पर बात की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यदि संवैधानिक ढांचा धीरे-धीरे कमजोर होता है, तो इससे संवैधानिक ब्रेकडाउन की स्थिति पैदा हो सकती है, भले ही अधिकार औपचारिक रूप से मौजूद रहें। जस्टिस नागरत्ना सितम्बर 2027 में सीनियरिटी के आधार पर देश की चीफ जस्टिस बन सकती हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने आगे कहा कि जब संस्थाएं एक-दूसरे की जांच और निगरानी करना बंद कर देती हैं, तभी असली समस्या शुरू होती है। चुनाव आयोग, कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (कैग) और वित्त आयोग जैसी संस्थाएं निष्पक्ष व्यवस्था बनाए रखने में जरूरी भूमिका निभाती हैं।

■ कहा: दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए
■ कोई भी राजनीतिक प्रभाव न हो

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप में शुभम जायसवाल भगोड़ा अपराधी घोषित

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की एक अदालत ने कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड और मुख्य सरगना शुभम जायसवाल को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को कफ सिरप तस्करी मामले के फरार अभियुक्त शुभम जायसवाल को धारा 84(4) बीएनएसएस के अंतर्गत भगोड़ा अपराधी घोषित किया। पुलिस ने बताया कि शुभम जायसवाल के विरुद्ध उद्घोषणा/इश्तिहार 27 फरवरी को न्यायालय द्वारा जारी किया गया था। न्यायालय द्वारा जारी धारा 84 बीएनएसएस के अंतर्गत आदेशिका की एक प्रति अभियुक्त शुभम जायसवाल के मकान के मुख्य द्वार पर चस्पा की गई थी।

### एमएसएमई निर्यातकों को प्रोत्साहन की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार से सूक्ष्म, मझौले तथा लघु उद्यम (एमएसएमई) और निर्यातकों के लिए प्रोत्साहन की मांग की है। संगठन ने सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए समयबद्ध, संतुलित और समन्वित कदमों की सराहना करते हुए रविवार को एक 20 सूत्रीय एजेंडा जारी किया। इसमें एमएसएमई के लिए आसान और सस्ती पूंजी उपलब्ध कराने, निर्यातकों के लिए ऋण और बीमा को मजबूत बनाने तथा ऊर्जा स्रोतों पर कर कम करने जैसे सुझाव दिए गए हैं। महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक के शुरुआती उपायों ने बाजार की भावना को स्थिर करने में मदद की है और यह दिखाया है कि देश का नीतिगत ढांचा बाहरी झटकों के सामने भी मजबूत और सक्षम है।

# कम्युनिस्ट और कांग्रेस खत्म हो रहे: शाह

## केरलम में अब एनडीए की सरकार चुनने का सही समय: गृह मंत्री

**कुन्नाथुनाडु, वार्ता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुन्नाथुनाडु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में सबसे पहले कोई राज्य पढ़ा-लिखा बना, तो वह केरलम था। यहां के युवा शिक्षित और बुद्धिमान हैं, परंतु उनके पास नौकरियां नहीं हैं। हम ऐसे केरलम की रचना करना चाहते हैं, जिससे केरलम के युवाओं को यहीं नौकरियां मिले और अन्य खाड़ी देशों में जाने की आवश्यकता न हो। अब पूरी दुनिया में परिवर्तन आ रहा है।

उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी पूरी दुनिया में समाप्त हो रही है और कांग्रेस पूरे देश में समाप्त हो रही है। आज पूरा देश पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में 14 प्रतिशत वोट एनडीए को केरलम से मिला था, अब यहां एनडीए की सरकार बनाने की बारी है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव सरकार बदलने के लिए नहीं है, यह एलडीएफ की जगह एनडीए सरकार लाने के लिए चुनाव नहीं है। यह चुनाव केरलम के



उज्ज्वल भविष्य को पक्का करने के लिए है। सालों से केरल के लोग यूडीएफ और एलडीएफ को बारी-बारी से चुनते रहे हैं, लेकिन दोनों ही पार्टियां भ्रष्टाचार में शामिल रही हैं। अगर आप सच्चा विकास चाहते हैं, तो आपको पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार चुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी की पॉलिसी बिल्कुल साफ है। सबको इंसाफ, किसी को खुश नहीं करना। जब पीएफआई को भारत विरोधी गतिविधियों में

**■ बीजेपी की पॉलिसी बिल्कुल साफ, सबको इन्साफ किसी को खुश नहीं करना**

शामिल पाया गया, तो बीजेपी ने एक ही दिन में सभी पीएफआई कैडर को गिरफ्तार करके तेजी से कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने वक्फ अमेंडमेंट बिल भी पेश किया। एर्नाकुलम में वक्फ बोर्ड ने 400 एकड़ जमीन हासिल की, जो असल में लगभग 600 ईसाई और हिंदू परिवारों की थी। जब पार्लियामेंट में वक्फ अमेंडमेंट बिल पर बहस चल रही थी, तो एलडीएफ और यूडीएफ ने इन परिवारों की आवाज नहीं उठाई। पूरे देश में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां अलायंस बनाती हैं और साथ मिलकर चुनाव लड़ती हैं, लेकिन केरलम में वे एक साथ नहीं आतीं। इसके बजाय वे एक-दूसरे से मुकाबला करती हैं। जहां कांग्रेस और कम्युनिस्ट भारत में दूसरी जगहों पर एक-दूसरे का साथ देती हैं, वहीं केरलम में वे पॉलिटिकल दुश्मन हैं।

# उप्र में अगले पांच दिन बारिश का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मेरठ समेत कई जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से किसान परेशान, लखनऊ में बिजली गिरने से दहशत**

**लखनऊ।** यूपी में पिछले 24 घंटे के दौरान मेरठ, बुलंदशहर समेत कई जिलों में जोरदार बारिश के चलते फसलों के साथ जानमाल के भारी नुकसान की भी खबर है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार रविवार को राज्य के 15 से अधिक जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही 6 और 7 अप्रैल को पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बादल छाए रहने की संभावना है, वहीं आठ और नौ अप्रैल को आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी की गई है।

शनिवार को यूपी के पूर्वी तथा पश्चिमी इलाकों के कई जिलों में जोरदार बारिश होने के साथ ही 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से हवा चली। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि होने के साथ-साथ बिजली गिरने से जनहानि के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी हुआ है। ओलावृष्टि होने से जहां फसलों को भारी नुकसान हुआ है, वहीं आंधी तूफान चलने से कई जगह पेड़ों और विद्युत पोल के गिरने से काफी नुकसान हुआ है। घंटों बिजली बाधित रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुलंदशहर के पहासू कस्बा में तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई और ओले गिरे, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों की हालत देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है। किसानों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। अलीगढ़ में भी रविवार को तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। जिले के इगलास और गोंडा क्षेत्र में खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं, जिससे किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है। पिछले 15 दिनों में यह चौथी बार है, जब फसलों को क्षति हुई है। किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# हिमंता सरमा सबसे भ्रष्ट सीएम: राहुल गांधी



**लोकसभा में विपक्ष के नेता ने असम के मुख्यमंत्री बोला पर सीधा हमला, महिला सुरक्षा पर गंभीर नहीं है मोदी सरकार**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर सीधा हमला करते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है।

गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है जिसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, सजा तय है। असम में 9 अप्रैल को मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है और सब कुछ 'संतोषजनक' बताकर संसद में पूछे हर सवाल पर गुमराह करती है। गांधी ने लोकसभा में 27 मार्च को महिला सुरक्षा को लेकर पूछे अपने एक सवाल के मिले जवाब के आधार पर आरोप लगाया है कि सरकार महिला सुरक्षा पर जवाब नहीं देती और सब कुछ ठीक बताकर बात खत्म कर देती है।

## सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था: सीएम

# विपत्ति के समय सरकार ही देती है साथ: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था और अभी जो माफिया मिट्टी में मिले हैं, वो उसी विचारधारा से आते हैं। उसने हमारे मंदिर तोड़े थे। महाराज सुहेल देव ने सालार मसूद को मारकर जनता को दासता से मुक्त कराया था।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे वीर नायकों के जीवन पर आधारित नाटकों का निर्माण और मंचन स्कूलों व कॉलेजों में होना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके इतिहास और योगदान से अवगत हो सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से लोगों के बचाव के लिए लॉकडाउन लगा।



**■ महाराजा सुहेलदेव ने मसूद को मारकर मुक्त कराई थी दासता, भारतीय नाट्य अकादमी के भवन व दो प्रेक्षाग्रहों का लोकार्पण**

कामगार जब घरों को लौटे तब सरकार उनके साथ खड़ी रही। उनको न सिर्फ घर पहुंचाया बल्कि उन्हें निशुल्क राशन भी उपलब्ध कराया।

लखनऊ में रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दो प्रेक्षागृहों का लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां सालार मसूद को मारा गया था। वहां उसके नाम से मेला लगता था, लेकिन महाराजा सुहेलदेव का नाम कोई नहीं लेता था। भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार साल बाद पीएम मोदी ने उन्हें सम्मान दिलाया। हमारी सरकार ने वहां उनके नाम पर आयोजन शुरू किए। आज सालार मसूद के मेले से ज्यादा भीड़ वहां जुटती है। उन्होंने भारतीय रंगमंच और सिनेमा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं। सीएम ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाटकों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ऐतिहा. सिक विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन होना चाहिए।

### योगी ने देखी 'आनंद मठ' नाट्य की प्रस्तुति, कलाकारों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने न केवल नाट्य प्रस्तुति का आनंद लिया, बल्कि कला क्षेत्र से जुड़े कई वरिष्ठ कलाकारों एवं पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आनंदमठ पर आधारित नाट्य प्रस्तुति देखी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने 'रंगवेद' पत्रिका का विमोचन किया और परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। अकादमी के अध्यक्ष रति शंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। दौरान एक भावुक क्षण तब देखने को मिला, जब एक बच्ची मंच पर पहुंची और सीएम के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40
सोना 150930
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 250000
प्रति किलो



# वैश्विक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई, वार्ता**

बीते सप्ताह गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में वैश्विक कारकों के साथ रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी बयान से शेयर बाजार को दिशा मिलेगी। निवेशकों की नजर फिलहाल मुख्य रूप से ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया संकट पर बनी हुई है। इसका फिलहाल कोई हल निकलता नहीं दिख रहा। इससे निवेश धारणा कमजोर बनी हुई है।

इसके अलावा, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद पहली बैठक 06 अप्रैल को शुरू हो रही है। बैठक के फैसलों का भी बाजार पर असर दिखेगा। पिछले



सप्ताह 31 मार्च को महावीर जयंती और 03 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ। इसमें सोमवार को प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट रही जबकि बुधवार और गुरुवार को प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स सप्ताह के दौरान कुल 263.67 अंक (0. 36 प्रतिशत) टूटकर गुरुवार को 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 106.50 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 22,713.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.82 प्रतिशत टूट गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक लगभग अपरिवर्तित रहा। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर टूट गए। सनफार्मा में सबसे अधिक 5.62 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 4.23 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3. 85, बजाज फिनसर्व का 3.18, भारती एयरटेल का 2.86, बजाज फाइनेंस का 2.13 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.13 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।।

### रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं: एसबीआई रिसर्च

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय बैठक में रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एमपीसी की पिछली बैठक के बाद से पश्चिम एशिया संकट के रूप में दुनिया में एक बड़ा भू.राजनैतिक बदलाव आया है। विशेषकर हार्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है। यह साल 1973 के बाद कच्चे तेल के बाजार में सबसे बड़ा व्यवधान है। रिपोर्ट के अनुसार कच्चा तेल इस समय 100 डॉलर प्रति बैरल के पार है और रुपया 93 रुपये प्रति डॉलर से नीचे चल रहा है। इन सभी कारकों के मद्देनजर आरबीआई फिलहाल सावधानी बरतते हुए 8 अप्रैल को जारी होने वाले बयान में यथास्थिति बरकरार रखेगा। कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से 16.6 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी की जो 1991 के बाद सबसे ज्यादा है।

# गेहूं, चावल में साप्ताहिक गिरावट, खाद्य तेल मजबूत

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों के भाव बढ़ गए जबकि दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 27 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,825 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 15 रुपये गिरकर 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 17 रुपये सस्ता हुआ और 3,279 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 76 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल भी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 40 रुपये और चना दाल में 27 रुपये की नरमी रही। उड़द दाल का भाव 11 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह सोया तेल 223 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 194 रुपये और पाम ऑयल की 190 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल का भाव 137 रुपये और मूंगफली तेल का 126 रुपये चढ़ा। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 14 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी सात रुपये महंगी हुई। खाद्यान्नों के औसत थोक भाव: दाल-दलहन: दाल चना 7681. 67 रुपये, मसूर काली 8011.88 रुपये, मूंग दाल 10176.54 रुपये, उड़द दाल 10776. 19 रुपये, तुअर दाल 11244.58 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.28 रुपये और चावल 3825. 31 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3279.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4305.84 रुपये और गुड़ 5005.31 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17851.85 रुपये, मूंगफली तेल 18824.04 रुपये, सूरजमुखी तेल 17408.36 रुपये, सोया तेल 14736.72 रुपये, पाम ऑयल 13439.42 रुपये और वनस्पति 14805.88 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# राघव चड्ढा ने आप के आरोपों का दिया जवाब

**नई दिल्ली।** आम आदमी पाट के अंदर बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच सांसद राघव चड्ढा ने अपनी ही पार्टी पर पलटवार किया है। पार्टी ने हाल ही में दावा किया था कि उन्होंने संसद में पंजाब से जुड़े मुद्दे नहीं उठाए हैं। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राघव चड्ढा ने इन आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पिक्चर अभी बाकी है।

उन्होंने कहा कि पंजाब न केवल उनका घर है, 'बल्कि उनका कर्तव्य, मिट्टी और आत्मा' भी है। उन्होंने एक सांसद के तौर पर उठाए गए कई मुद्दों पर का जिक्र किया, इसमें ननकाना साहिब कॉरिडोर की वकालत करना, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग करना, पंजाब में घटते भूजल की समस्या का समाधान करना, भगत सिंह को 'भारत रत्न' देने की सिफारिश करना और कई दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। राघव ने कहा कि ये पूरा विवाद इसी हफ्ते की शुरुआत में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उप-नेता के पद से राघव चड्ढा को हटाए जाने के बाद

**■ कहा-पिक्चर बाकी है, पंजाब मेरा घर, कर्तव्य और आत्मा**

शुरू हुआ। इसके बाद आप सांसद ने पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर उनकी आवाज दबाने का आरोप लगाया। राघव चड्ढा की टिप्पणियों के बाद आप के कई नेता उनके खिलाफ खुलकर सामने आ गए।

उन्होंने कहा कि राघव चड्ढा समझौता कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरते हैं। राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उप-नेता पद से हटाए जाने के बाद लगे आरा. `पों पर चड्ढा ने पलटवार किया। उन्होंने इन आरोपों को सुनियोजित हमला बताया और उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया कि उन्होंने संसद से वॉकआउट करने या मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया था। सोशल मीडिया के एक एक्स पोस्ट चड्ढा ने कहा कि उनके खिलाफ एक स्क्रिप्टेड अभियान चलाया जा रहा है।

# यूपी में प्रीपेड पीड़ित हो गई जनता

## स्मार्ट मीटर को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर बोला हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के एकाउंट में पैसे होने के बावजूद बत्ती गुल होने को लेकर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश में 'प्रीपेड पीड़ित' नाम की एक नई श्रेणी पैदा हो गई है। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले से ही बिजली के लिए भुगतान कर दिया है, वे भी स्मार्ट मीटर की खामियों के चलते बिजली कटौती और तकनीकी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बिजली कंपनियों को पहले ही पैसा मिल जाता है, तो फिर आम जनता को परेशान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियों और



सरकार के बीच तालमेल की कमी या मिलीभगत के कारण आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके चलते लोग बार-बार शिकायत करने और कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता 'उपभोक्ता' से 'उपभुगता' बन गई है, जिसे नीतियों की खामियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने 'पीडीए' का जिक्र करते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है और अब 'प्रीपेड पीड़ित' भी इसमें शामिल हो गए हैं।

### पहले जनगणना हो फिर महिला आरक्षण पर बात: सपा

**लखनऊ।** संसद की बैठक से पहले वर्ष 2029 में देश मे महिला आरक्षण लागू कराने के पीएम मोदी के बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। यादव ने कहा कि जब गिनती ही गलत होगी, तो आरक्षण कैसे सही होगा। महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं।

# लोस-विस सीटें बढ़ाना छोटे राज्यों के हित में नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकसभा तथा विधानसभा सीटों की परिसीमन संबंधी नीति को गलत बताते हुए उसको लेकर जारी प्रचार को भ्रामक बताया और कहा कि इस मुद्दे पर जनता को गुमराह किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि परिसीमन के जरिए सीटें बढ़ाना सिर्फ चुनाव जीतने की रणनीति है और पीएम मोदी इसको लेकर भ्रामक बयान देकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश के इस बयान का समर्थन पार्टी नेता मनीष तिवारी ने भी किया है। उन्होंने कहा कि परिसीमन से लोकसभा सीटों में प्रस्तावित वृद्धि से बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अनुपातिक रूप से अधिक लाभ मिलेगा, जबकि दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ ही

**■ पीएम की परिसीमन नीति गलत: जयराम रमेश**

पंजाब, हरियाणा और उत्तर-पूर्वी राज्यों का प्रभाव कम हो जाएगा। कांग्रेस के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश और केरल के बीच लोकसभा सीटों का अंतर 60 है, जो प्रस्ताव लागू होने पर 90 तक पहुंच सकता है, वहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर भी 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा।

पार्टी ने इसे बिना सहमति और बिना व्यापक परामर्श तथा जनविमर्श के उठाया गया कदम बताते हुए इसे थोपा जाने वाला प्रस्ताव करार दिया और आरोप लगाया कि लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि और विधानसभाओं की सीटों में समान वृद्धि का तर्क भ्रामक है और इससे क्षेत्रीय असंतुलन और बढ़ेगा।

# ट्रेन में चढ़ते महिला की गिर कर मौत

## संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा, दोनो पैर कटे, इलाज के दौरान दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार की सवेरे रेलवे स्टेशन तक उस वक्त चीख पुकार मच गई जब यहां ट्रेन में चढ़ते समय संतुलन बिगडने से महिला की नीचे गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में को. हराम मच गया और लोगों ने महिला को उपचारके लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड दिया।

जनपद सहारनपुर के थाना सरसावा क्षेत्र के गांव मंढोर निवासी 40 वर्षीय सुनीता अपने पिता ओमपाल और पौत्र अर्जुन नितिन कुमार के साथ दो दिन पहले शहर में अपने भाईयों के घर मिलने आई थी। बताया जाता है कि रविवार की सुबह वह अपने परिवार के साथ गांव वापस जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी जहां यह दर्दनाक हादसा हुआ। परिवार के सदस्य और प्रत्यदर्शियों के अनुसार सुनीता ट्रेन में चढ़ रही थी इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गई। गिरने से उसे गंभीर चोटे आई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों भी घटनास्थल की ओर दौड़े। गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद महिला के परिजन गहरे सदमे में है और उन्होने महिला का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

मृतका के पति ओमपाल के अनुसार महिला के परिवार में पांच भाई है और वह सभी गांव में ही अलग-अलग रहकर खेतीबाडी करते है। ओमपाल भी पेशे से किसान है और अपनी जमीन पर खेती का काम करता है। बताया जाता है कि इससे पूर्व भी उनके परिवार में कई हादसे हो चुके है ओमपाल का इकलौता पुत्र बीमारी के चलते सोलह वर्ष की आयु में दुनिया से चल बसा था जिसका सदमा परिवार को अभी तक है। इस घटना के बाद पूरे परिवार पर और गम का पहाड टूट पड़ा। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो परिवार के लोगों ने मृतक महिला के पति ओमपाल से सम्पर्क करने से प्रयास किया, लेकिन उसका फोन नहीं उठ पाया। काफी देर के बाद पुलिस ने फोन रिसीव करते हुए घटना की पुष्टी की जिससे परिजनों में कोहराम मच गया और स्थानीय लोग परिजनों के साथ मुजफ्फरनगर की ओर दौड़े। घटना के बाद से परिवार में मातम छाया हुआ है और क्षेत्र में भी शोक की लहर है।

# दिन दहाड़े घर में घुसकर लूट

## महिला का आरोप संदिग्ध, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव पिनना में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रवि कश्यप के परिवार ने घर में लाखों की डकैती होने की सूचना पुलिस को दी।

पीड़ित परिवार का दावा हैकि अज्ञात बदमाशों ने घर में तांडव मचाते हुए करीब 15 लाख रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन मामले की कड़ियाँ उलझती नजर आ यही हैं। पीड़ित महिला शिवानी ने पुलिस को दिए बयान में घटना का जो विवरण दिया है। वह बेहद चौंकाने वाला है।

शिवानी के अनुसार, वह घर से दवाई लेने बाहर गई हुई थी। इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने घर में प्रवेश किया। बदमाशों ने घर में मौजूद उसके पत्ति और बच्चों को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया। आरोप है कि लुटेरों ने अलमारी और संदूक के ताले तोड़े और यहाँ तक कि जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए कीमती जेवरात भी निकाल लिए और फरार हो गए। मामले में नया मोड़ तब आया जब शिवानी ने इस पूरी साजिश के पीछे अपने ही ससुराल पक्ष के लोगों पर आशंका जताई। महिला का कहना है कि लंबे समय से चलरहे पारिवारिक विवाद के चलते उसके पति के भाइयों ने ही इस घटना को अंजाम दिलवाया हो सकता है। शहर कोतवाल बबलू कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष अपने परिचित पर आरोप लगात रहे हैं। प्रथम दृष्टया लूट का यह आरोप संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिर भी जांच की जा रही है। पूरे तथ्य सामने आने के बाद अगली कार्रवाई की जायेगी। उन्होने बताया कि पुलिस हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

### स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवानों का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** वाराणासी में आयोजित उत्तर प्रदेश रेसलिंगएसोसिएशन प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन करने वाले पहलवानों का स्वागत किया गया। वाराणासी में आयोजित की गई थी जिसमें मुजफ्फरनगर के पहलवानों ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किया। इनमें हिमांशु पहलवान ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक झटका, जबकि गामिनी पहलवान ने 55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। हर्षिता तोमर ने 53 किलोग्राम भार में रजत पदक प्राप्त किया। पचैण्डा बाईपास पर ढोल नंगाडो के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया।

# महर्षि कश्यप जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**मुजफ्फरनगर।** महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा और समारोह का आयोजन किया गया। शामली अड्डे के पास स्थित महर्षि कश्यप चौक पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल व मंत्री अनिल कुमार की मौजूदगी मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महर्षि कश्यप जयंती को लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान समाज के जिम्मेदार लोगों पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलेगी और श्रद्धालु महर्षि कश्यप के जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुएआयोजकों के अनुसार यात्रा और समारोह को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई वहीं व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी सतर्क नजर आई। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। बैण्ड-बाजों व झॉकियो के साथ महर्षि कश्यप की शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली। जिसमे समाज के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।



**मुजफ्फरनगर:** महर्षि कश्यप जयंती शोभायात्रा का शुभारंभ करते मंत्री कपिल देव।



**मुजफ्फरनगर:** शहर में निकाली गई शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रही झांकी।

# पुरानी रंजिश में युवक को मार पीटकर किया जख्मी

**पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की**

**बुढ़ाना।** पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही आधा दर्जन से भी अधिक युवकों ने एक युवक को मारपीट कर अधमरा कर दिया और उसको मरा हुआ समझकर फरार हो गये। मांगेराम पुत्र मगना निवासी ग्राम अटाली ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसके गांव के विक्की पुत्र मदन, शेखर पुत्र अशोक, आशु पुत्र प्रेमपाल तथा अक्षित उसके परिवार से काफी समय से रंजिश रखते चले आ रहे हैं। जिन्होंने अब से 2 वर्ष पूर्व भी उसके पुत्र अमित के साथ मारपीट की थी। उसका पुत्र बुढाना में सतीश तोमर की दुकान पर मोटर बांधने का काम करता है। बीते 3 अप्रैल की रात में उसका भाई अपना काम खत्म कर अपने घर जा रहा था। तब गांव महलजना के पास पहले से ही घात लगाये 2 बाइकों पर बैठे गांव के विक्की, शेखर, आशु, अक्षित और 3 अज्ञात व्यक्ति अपने हाथों में धारदार हथियार व लोहे की रोड आदि लेकर आये और आते ही उसके पुत्र को गन्दी गन्दी गालियां देकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उसके पुत्र के सिर व शरीर के अन्य अंगों पर भी गंभीर चोटें आयी। तब उसके पुत्र ने शोर मचाया तो बुढाना की तरफ से कुछ वाहनों को आता देख सभी हमलावर उसके पुत्र को मरा हुआ समझकर छोड़कर वहां से भाग गये। इसके बाद डायल नंबर 112 की पुलिस ने उसके पुत्र को सीएचसी बुढाना में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया वहीं बुढाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जाट संसद के नेता पलसानिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## विधायक राजपाल बालियान के आवास पर बैठक में पुलिस को तहरीर सौंपी गई

**चौधरी चरण सिंह पर टिप्पणी के बाद बढ़ा विवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष राम अवतार पलसानिया के विवादित बयान को लेकर राजनी. तिक और सामाजिक माहौल गर्मा गया है। जाट समाज, किसानों और रालोद कार्यकर्ताओं के विरोध के बीच भौराकलां थाने में उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा हाल ही में जाट समाज में अंतरजातीय विवाह व्यवस्था को लेकर दिए गए विरोधात्मक बयान और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पर की गई टिप्पणी के बाद हुई है।

बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं विधानमंडल में रालोद दल के नेता राजपाल बालियान के पैतृक गांव गढ़ी नौआबाद में भी एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रालोट नेताओं समर्थकों और किसानों ने एकजुट होकर मामले पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। बैठक के दौरान ही भौराकलां पुलिस को मौके पर बुलाकर राम अवतार पलसानिया के खिलाफ तहरीर सौंपी गई।

विधायक राजपाल बालियान और रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के गौरव और किसानों के मसीहा हैं। उनके खिल किसी भी प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं और किसानों की भावनाओं का सम्मान करते हुए दर्ज किया गया यह मुक. दमा उन लोगों के लिए स्पष्ट संद. `श है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर महापुरुषों का अपमान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कानून अपना काम करेगा और इस तरह की मानसिकता रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, भौराकलां पुलिस के अनुसार, इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196, 299, 352, 197 और 351 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी ने कहा कि पार्टी इस तरह के बयानों की कड़ी निंदा करती है और प्रशासन से अपेक्षा करती है कि मामले में सख्त और प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पलसानिया के बयान के बाद से ही रालोद कार्यकर्ताओं और किसान संगठनों में भारी रोष देखने को मिल रहा था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए, जहां रालोद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न थानों का घेराव कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। दो दिन पूर्व भी रालोद एवं जाट समाज के नेताओं ने कई स्थानों पर थानाओं का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग उठाई थी।

# इंस्टाग्राम पर धमकी से टूटा रिश्ता

**खतौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई धमकियों के चलते एक तयशुदा शादी टूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने नामजद युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्राम चांदसमद निवासी संजय पुत्र गोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन मोहिनी का विवाह ग्राम जंधेड़ी जाटान निवासी तुषार पुत्र कृष्णपाल के साथ तय हुआ था। आरोप है कि सगाई के बाद कुछ युवक इंस्टाग्राम के जरिए तुषार को लगातार आपत्तिजनक व धमकी भरे संदेश भेजने लगे। आरोपियों ने संदेशों में शादी न करने की चेतावनी देते हुए जान से मारने तक की धमकी दी और युवती से प्रेम संबंध होने का दावा किया। लगातार मिल रही धमकियों से घबराकर तुषार ने यह रिश्ता तोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार, शादी की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं और काफी खर्च भी हो चुका था। अचानक रिश्ता टूटने से परिवार को आर्थिक नुकसान के साथ सामाजिक प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची है। घटना के बाद परिवार मानसिक तनाव में है। संजय ने आरोपियों के मोबाइल नंबर पुलिस को सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश के लिए टीम लगाई गई है। इस मामले में पुलिस की जांच कई बिन्दुओं पर टिकी है। पुलिस हर पहलु पर अलग-अलग जांच करने में जुटी हुई है।



**मुजफ्फरनगर:** पार्टी कार्यालय पर महर्षि कश्यप व निषादराज को पुष्पांजलि अर्पित करते सपाई।

# सपाइयों ने महर्षि कश्यप व निषादराज को अर्पित की पुष्पाजंलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महर्षि कश्यप और महाराजा निषादराज की जयंती पर उन्हें याद करते हुए सपाइयों ने महर्षि कश्यप और महाराजा निषादराज जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हिंदू धर्म के महानतम ऋषियों में से एक थे और सप्त ऋषियों में उनका विशेष स्थान माना जाता है। उन्होंने कहा कि उनके विचार और ज्ञान आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की वनवास के दौरान

सहायता की थी। उन्हें विभिन्न समुदायों कोल, भील, बिंद, केवट, मल्लाह, मछुआराऔर अन्य मूलनिवासी समाजों का प्रतीक राजा माना जाता है।

यहां सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महासचिव सोमपाल सिंह कोरी, जिला उपाध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पंवार (नीटू), महिला सभा जिलाध्यक्ष पूजा अनिल अंबेडकर, जिला सचिव लोकेंद्र कुमार सिमरथी, डॉ. मोनिका सिंह, गगन महावी, सतीश चंद जैन, हनीफ इदरीसी, युधिष्ठिर पहलवान, फरमान अंसारी, सागर कश्यप, शाहिद गौर, अब्दुल वहाब त्यागी, बैरम खान, राज. कुमार, बिजेंद्र कुमार, भोपाल और वेदपाल मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम से अफसरों में हड़कंप

## पालिकाध्यक्ष विदेश में काम अधूरा, अहिल्याबाई चौक का करेंगे लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 अप्रैल को मुजफ्फरनगर आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी होते ही जिला प्रशासन में हड़कंप बच गया है।

बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 9 अप्रैल को मुजफ्फरनगर आकर एक लाख से अधिक हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार करने वाली वीरांगना आयोग देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा के लोकार्पण को अपनी मंजूरी दे दी है साथ ही वह नुमाइश मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लेंगे इसके अतिरिक्त कुछ अन्य कार्यक्रमों में भी उनके शामिल होने की आशा है इसे दृष्टिगत जिला प्रशासन ने जरूरी तैयारियां शुरू कर दी है लेकिन पहले का अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के नगर क्षेत्र से बाहर गए होने के कारण पालिका की तैयारी कमजोर पड़ती नजर आ रही है। अहिल्याबाई चौक के सौन्दर्यकरण के साथ ही इस चौक का चौडीकरण भी कराया जाना था जिसके लिए कार्य अभी बाकी है। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष 10 दिनों के लिए देश से बाहर गई हुई है ऐसे में यदि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुजफ्फरनगर आते हैं तो इसका सारा श्रेय राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ल लेकर ले जाएंगे ऐसा लोगों का कहना है इस संबंध में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम जिला प्रशासन को मिल गया है अंतिम स्वीकृति आनी बाकी है।

# रमाबाई सेना संघ के स्थापना दिवस पर जागरूकता की अलख जगाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माता रमाबाई सेना संघ के स्थापना दिवस पर जागरूकता की अलख जगाते हुए कांग्रेस नेत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता काकरान ने कार्यक्रम में आई महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करते हुए कहा कि माता रमाबाई ने जिस प्रकार के अपने अधिकारों की लडाई लडी उसके लिए मातृ शक्ति को भी आगे आना होगा।

पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के गांव बसेडा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे विनय आचार्य, भंतेश्री अनुकृति गौतम, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति एवं उत्तरांचल से आए पूर्व सांसद धीरेन्द्र प्रताप ने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हस्य कलाकर शेखचिल्ली ने भी रंग जमाया।

यहां मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, हरिद्वार सहित आसपास के जिलों से आई महिलाओं व लोगों ने हिस्सा लिया। यहां डॉक्टर दिपाली सिंह काकरान, धर्मवीर सिंह, एसपी सिंह, फेरो सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### डीपीएसजी मेरठ रोड में बिना सहमति स्कूल समय बढ़ाने पर बवाल

# गेट न खुलने पर भड़के पेरेंट्स, मातृ शक्ति की बड़ी भागीदारी स्कूल प्रबंधन की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिले के नामी निजी स्कूलों की बढ़ती मनमानी के खिलाफ अभिभावकों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ रहा है। ताजा मामला मेरठ रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद (डीपीएसजी) का है, जहां स्कूल प्रबंधन द्वारा बिना अभिभावकों की सहमति के स्कूल समय में लगभग 2 घंटे की वृद्धि कर दी गई है।



इस एकतरफा निर्णय से अभिभावकों और विद्यार्थियों में गहरी चिंता और असंतोष व्याप्त है। आज बड़ी संख्या में अभिभावक, जिनमें मातृ शक्ति की विशेष भागीदारी रही, स्कूल की प्रधानाचार्य से संवाद करने पहुंचे। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि स्कूल प्रशासन ने गेट तक नहीं खोला। इससे आक्रोशित अभिभावकों ने स्कूल गेट पर ही जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी एवं उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि इस प्रकार का निर्णय न केवल पारदर्शिता के सिद्धांतों के खिलाफ है, बल्कि यह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दिशा-निर्देशों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के भी विपरीत है, जो बच्चों के समग्र विकास और मानसिक तनाव को कम करने पर जोर देती है।

आईपीए ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी, की अनुपस्थिति में अपर जिला अधिकारी प्रा. ज्योति मौर्या को ज्ञापन दिया साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को ट्वीट के माध्यम से भी अवगत कराया गया है। आईपीए ने मांग की है कि : 1.बढ़ाए गए स्कूल समय को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।

2.स्कूल प्रबंधन को अभिभावकों के साथ पारदर्शी संवाद के लिए निर्देशित किया जाए 3.भविष्य में ऐसे सभी निर्णय अभिभावकों की सहमति से ही लिए जाएं। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने सभी अभिभावकों से एकजुट रहने की अपील करते हुए आश्वस्त किया है कि वह इस मुद्दे पर अभिभावकों के साथ मजबूती से खड़ा है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। शाम 3 बजे तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है जिला विद्यालय निरीक्षक स्कूल पहुंचे है स्कूल प्रबंधन 3 दिन का समय मांग रहा है जबकि पेरेंट्स का कहना है कि जब पेरेंट्स से बिना पूछे समय बढ़ा दिया तो फिर तीन दिन का समय किस लिए बढ़ा हुआ समय आज ही वापस होना चाहिए।

### हाऊस टैक्स वृद्धि को लेकर

## विकास मंत्री को कराया अवगत

- इस माहौल से बचाने की मंत्री से पंडित अशोक भारतीय ने करबद्ध प्रार्थना की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त द्वारा हाउस टैक्स में 300 से 400 परसेंट वृद्धि करके गाजियाबाद की जनता का उत्पीड़न शोषण के जाने के खिलाफ पंडित अशोक भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा व नगर विकास मंत्री शर्मा से वार्ता करके गाजियाबाद की नगर आयुक्त की मनमानी के खिलाफ मंत्री को अवगत कराया और बताया कि किस तरीके से 2027 में नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद में एक माहौल भाजपा के खिलाफ बनाया जा रहा है।

इस माहौल से बचाने की मंत्री से पंडित अशोक भारतीय ने करबद्ध प्रार्थना की तथा पिछले 11 महीने से छोटी सी हाउस टैक्स वृद्धि के स्थान पर भारी वृद्धि करके हाउस टैक्स-- बीमारी को कैंसर का एक विक. राल रूप बनाकर जनता को नगर आयुक्त द्वारा दिया जा रहा है तथा महापौर विधायक सांसद मंत्री सहित सभी पार्षदों में से किसी की भी बात को तवज्जो न देने की शिकायत की तथा हाउस टैक्स वृद्धि पर रोक लगाकर जनता को राहत दिलाने की अपील की मंत्री द्वारा इस संबंध में समस्या के शीघ्र समाधान का वादा किया गया तथा बताया गया कि हाउस टैक्स बहुत कम बढ़ाया जाएगा।

जनता को राहत दिलाई जाएगी पंडित अशोक भारतीय ने नगर विकास मंत्री व उर्जा मंत्री अरविंद शर्मा का धन्यवाद किया तथा गाजियाबाद की जनता को राहत की तरफ ले जाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## हिंडन नदी के पास पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से नीचे गिरी कार, तीन घायल

**मुरादनगर।** शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर करीब 10 फुट नीचे जा गिरी। हादसा हिंडन नदी पुल के पास व्हिंग गांव के नजदीक हुआ। घटना में महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एसीपी लिपि नगायच ने बताया कि नोएडा सेक्टर 26 में रहने वाले विपिन भाटी, डॉ. अभिलाषा व प्रत्यक्ष राज शर्मा कार से घूमने के लिए शिमला गए थे। शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे नोएडा लौट रहे थे। वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर व्हिंग गांव के पास पहुंचे थे। इसी दौरान चालक को झपकी लग गई और कार अनियंत्रित होकर हिंडन नदी पुल के पास से करीब 10 फुट नीचे जा गिरी। गनीमत रही कार नदी के किनारे गिरी। नदी पर गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था। राहगीरों ने कार के पुल से नीचे गिरने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कार सवार तीन लोगों को बाहर निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर सभी को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। एसीपी लिपि नगायच ने बताया कि हादसे में कोई तहरीर नहीं मिली है। डॉक्टर की सूचना पर समय से पहुंची पुलिस थानाक्षेत्र निवाड़ी के सुहाना गांव निवासी डॉ. शाहबाज चौधरी ने कार को पेरिफेरल से नीचे गिरते देखा।

## कंसर्ट विवाद: सिंगर सुनंदा बोलीं, किसी का प्यार जताने का तरीका हो सकता है गलत, आरोपी छात्र ने मांगी माफी

**गाजियाबाद।** कई बार किसी के प्यार जताने का तरीका थोड़ा सा गलत हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि उनका कोई गलत इरादा था, लेकिन प्यार जताने का तरीका थोड़ा गलत हो गया। कालेज प्रबंधन से अनुरोध है कि उन्हें माफ कर दें। मैंने भी माफ कर दिया। ये बातें गायिका सुनंदा शर्मा ने आरकेजीआइटी में लाइव कंसर्ट के दौरान हुई घटना पर एक वीडियो जारी कर कहीं। साथ ही छात्र ने भी इंटरनेट मीडिया पर वीडियो जारी कर गायिका से माफी मांगी। बता दें कि शनिवार को आरकेजीआइटी कालेज में सिंगर सुनंदा शर्मा एक लाइव परफार्मेंस दे रही थीं, इस दौरान अचानक एक फैन सुरक्षा घेरा



तोड़कर स्टेज पर चढ़ गया और सुनंदा के पैर छूने की कोशिश करने लगा। वह असहज हो गई और शो बीच में ही छोड़ दिया था। रविवार को सुनंदा ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके इस पूरे मामले पर बात की है।

उन्होंने कहा कि आरकेजीआइटी गाजियाबाद कालेज में थोड़ी सी गड़बड़ हो गई। सब डर गए, मैं भी डर गई।

स्टेज पर मेरा रिएक्शन भी काफी तेजी से आया। जब वह फैन अचानक से स्टेज पर गया था। हम इसके लिए तैयार नहीं थे और हम लोग वहां से चले गए। सुनने में आया है कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा छात्र के खिलाफ सख्त एक्शन लिया गया है। अनुरोध है कि उन्हें माफ कर दें। मैंने भी माफ कर दिया है।

उन्होंने वीडियो में आगे छात्र के लिए कहा कि आप किसी को भी प्यार करते हैं, किसी की भी इज्जत करते हैं तो उसका एक तरीका हो सकता है। उन्होंने अपने फैंस का इतना प्यार देने के लिए आभार प्रकट किया। बता दें कि पहले भी सुनंदा शर्मा के एक फैन ने लाइव कंसर्ट के दौरान उनके पैर छूए थे तो सुनंदा ने उन्हें गले लगा लिया था। आरकेजीआइटी की घटना के बाद उनका यह वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित हो रहा है।

छात्र ने वीडियो जारी कर कहा कि मैं वही छात्र हूं जिसने सुनंदा शर्मा के पैर छूने का प्रयास किया था। मेरा इरादा गलत नहीं था। हर्ट करने का इरादा नहीं था। माफी मांगता हूं आपको शो छोड़कर जाना पड़ा। आप मुझे माफ कर देंगी तो कालेज प्रबंधन भी माफ कर देगा। वीडियो के अंत में छात्र ने कान पकड़कर माफी मांगी।

### गाजियाबाद-दिल्ली के नामी अस्पताल से भी जुड़े तार शिवम के फोन में रिकॉर्डिंग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद और दिल्ली के अस्पतालों से भी किडनी रैकेट के तार जुड़े हैं। अब पुलिस गाजियाबाद के वैशाली और दिल्ली के द्वारका स्थित हॉस्पिटल से और जानक. ारी जुटा रही है। पुलिस को आरा. पी शिवम अग्रवाल के मोबाइल से रिकॉर्डिंग मिली। अवैध तरीके से कानपुर में हुए किडनी ट्रांसप्लांट के आरोपियों के तार गाजियाबाद और दिल्ली के नामी अस्पतालों से जुड़ रहे हैं। मामले में आरोपी डॉ. रोहित की मुलाकात ओटी टेक्नीशियन कुलदीप सिंह राघव, राजेश कुमार और मुदस्सर अली सिद्दीकी से यहीं हुई थी।

## पीएनबी बैंक ने विद्यालय में बच्चों के लिए वाटर कूलर लगवाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पंजाब नेशनल बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत PNB द्वारा Adopted, गांव सारा के अंतर्गत, मंडल कार्यलय गाजियाबाद ने प्राथमिक विद्यालय सारा नंबर 1 क्षेत्र भोजपुर तहसील मोदीनगर में बच्चों के लिए WATER COOLER, मंडल प्रमुख राजिंदर कुमार भाटिया ने प्रदान किये साथ ही विधार्थियो को पीने के लिए पानी के साथ- साथ बच्चों को ठंडे पानी घर ले जाने के लिए भी 170 WATER BOTTLE प्रदान किये। Water Bottle पाकर विद्यार्थियों में जो उत्साह देखा गया वो शब्दों में व्यान नहीं किया जा सकता। प्रधानाचार्य नरेश ने बैंक के इस सराहनीय कार्य के लिए भूरी- भूरी प्रशंसा की। गांव के प्रधान व विद्यालय के शिक्षक के साथ- साथ मण्डल कार्यालय से DCO अविनाश वर्मा, नितिन जैन, शाखा आरडीसी राज नगर से शाखा प्रबंधक ज्ञान रंजन, शाखा मोदीनगर से मणिभूषण झा और शाखा गोविंदपुरी से मनोज मंडल उपस्थित रहें।

## ग्राम पंचायत मकरेड़ा में डिजिटल लाईब्रेरी पुस्तकालय का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ग्राम पंचायत मकरेड़ा के पंचायत घर परिसर में संसार के सर्वश्रेष्ठ कार्य यज्ञ के द्वारा आर्य समाज के सम्मानित वरिष्ठ सदस्यों द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया।ग्राम प्रधान कृष्णदेव आर्य ने बताया कि प्रथम चरण में गाजियाबाद की 42 ग्राम पंचायतों में भाजपा की योगी सरकार ने डिजिटल लाइब्रेरी हेतु लाखों रूपए के उपकरण एवं पुस्तकें उपलब्ध करायी हैं ये सरकार की दूरदृष्टि है कि ग्रामीणांचल के युवक युवतियां पढ़ लिखकर अच्छे पदों को सुशोभित करते हुए राष्ट्र की सेवा करें।



मै स्वयं भी प्रतिदिन प्रतिभागी छात्रों के साथ बैठकर अध्ययन करूंगा जो बच्चे बाहर पैसे खर्च करके पढ़ने जा रहे है,उन्हें भी यहां लाने का प्रयास करेंगे।जिससे हमारे गरीब बच्चे भी आगे बढ़े। पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं, बल्कि यह ज्ञान, संस्कार और विचारों का केंद्र होता है।यहाँ से हम नई-नई बातें सीखते हैं,अपने विचारों को विकसित करते हैं और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

हमे विश्वास है कि यह पुस्तकालय विद्यार्थियों और समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। हम सभी संकल्प लें कि इस पुस्तकालय का सही उपयोग करेंगे और ज्ञान की इस ज्योति को निरंतर प्रज्जवलित रखेंगे। इस अवसर पर यज्ञपाल शास्त्री, प्रधान कृष्णदेव आर्य, सलेक भैया, सतवीर आर्य, बृजपाल निमेष, जितेंद्र खारी, हरीश आर्य, प्रवीण शर्मा, ललित खारी, सुमित खारी एवं महिपाल सिराधना, छत्रपाल जाटव, देवव्रत आर्य आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने श्रद्धापूर्वक मनाई बाबू जी की जयंती

## बाबू जगजीवन राम जी की देश के प्रति सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसजनों ने पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी ने उप प्रधानमंत्री रहते हुए रक्षा मंत्री और श्रम मंत्री के पदों की जिम्मेदारी का निर्वाह बहुत ही अच्छे ढंग से किया।



1971 के युद्ध में रक्षामंत्री के रूप में भी उनकी भूमिका बेहत. रीन रही थी जिला अध्यक्ष श्री सतीश शर्मा ने कहा कि बाबू जी का जन्म 05 अप्रैल 1908 को बिहार के भोजपुर जिले के गांव चंदवा में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्हें प्यार से बाबू जी कहा जाता था। उनकी पुत्री मीरा कुमार लोकसभा की अध्यक्ष रहीं थीं। उनके पिता का नाम शोभा राम और माता का नाम बसंती देवी था।

श्री शर्मा ने कहा कि बाबू जी की देश के प्रति सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ये देश उन्हें हमेशा याद करता रहेगा। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, हाजी खुर्शीद, जयवीर सिंह, राज कुमार शर्मा, तरुण शर्मा, मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता द्वारा खबर प्रेषित की गई महफूज अली, विनोद धामा, बाबू राम आर्य, रूबी मलिक, इरफान, एसपी त्यागी, केबी श्रीवास्तव, रविन्द्र शर्मा, अश्विनी त्यागी, बी सांभर सिंह नेगी, हकीकत अली, राजू भाई, शिव प्रकाश दुबे, सीमा नाजम. ीन, उदय सिंह पाल, राजा राम, सलमान मंसूरी आदि अनेक नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैंक ने 32 लाख नहीं लौटाए तो तहसील पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी

**मोदीनगर।** श्रीनगर कॉलोनी निवासी चिकित्सक डॉ. एसके शर्मा ने बैंक खातों से निकाले गए 32 लाख रुपये लौटाने की मांग करते हुए शनिवार को परिवार समेत तहसील पर प्रदर्शन किया।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र ही उनकी रकम नहीं लौटाई गई तो उनके पास आत्मदाह के अलावा कोई विकल्प नहीं है। मजबूरन वह तहसील मुख्यालय पर आत्मदाह करेंगे।

डॉ. एसके शर्मा ने बताया कि उज्जीवन बैंक में उनके दो खाते हैं। लगभग डेढ़ महीने पहले उनके बैंक खातों से 32 लाख रुपये निकाल लिए गए। आरोप है कि बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से उनके खातों से रकम निकाली गई। उन्होंने बैंक के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया था और घटना की प्राथमिकी भी दर्ज कराई।

जानकारी मांगने पर बैंक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा है। उनकी बेटी का रिश्ता तय हो चुका है। उन्होंने सवाल किया कि रकम नहीं होने के कारण वह बेटी की शादी कैसे करें। उन्होंने चेताया कि अगर बैंक ने उनकी रकम नहीं लौटाई तो वह तहसील पर आत्मदाह करेंगे। उपजिलाधिकारी अजीत सिंह ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिया।

### शील्ड देकर बच्चों को सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटद्वार रोड नजीबाबाद में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का मूल्यांकन कर समारोह में बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ में माता सरस्वती की आराधना, दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एड. , प्रधानाचार्या ममता सिंह चौहान एवं उप प्रधानाचार्य सुनीता सिंह ने किया। सम्मानित बच्चों की प्रतिभा में प्रतिदिन वेल ड्रेस से ओमान्स, जसमीत कौर, मान्या शर्मा, मौहम्मद हसनैन, सिदरा, गौरांग, खदीजा, उजेफा, अवनी, शुभ, लीबा, अदीब खान, उस्मान अली, भव्या, अनाया, गुरनूर, उवेश रहे।

### कार नहीं दी तो निकाह नहीं होगा

## सगाई के बाद मांग पर अड़ा दूल्हे का परिवार, टूटा रिश्ता एफआईआर भी दर्ज

**गाजियाबाद।** मसूरी में दहेज लोभियों ने सगाई के बाद ब्रेजा कार की मांग पूरी नहीं की तो इससे रिश्ता टूट गया। लड़की के पिता ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगया है। पीड़ित पिता ने होने वाले दूल्हे, उसके पिता और चाचा के खिलाफ धोखाधड़ी और दहेज की मांग का आरोप लगाया है। मसूरी क्षेत्रांर्तगत दहेज लोभियों द्वारा सगाई की रस्म होने के बाद, लड़के पक्ष ने शादी में ब्रेजा कार की मांग कर डाली, लड़की पक्ष ने कार देने में असमर्थता जताई, कार की मांग पूरी न होने पर लड़के पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया, लड़की के पिता ने लड़के पक्ष पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने पुलिस उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। मसूरी क्षेत्र के ग्राम ढ़बारसी निवासी शमीम पुत्र हबीब ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री की सगाई ग्राम नाहली निवासी आसिफ पुत्र उस्मान के साथ की थी।

# कश्यप समाज द्वारा महर्षि कश्यप जयंती समारोह का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कश्यप समाज द्वारा महर्षि कश्यप जयंती समारोह का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं महर्षि कश्यप स्मृति उपवन में किया गया। समारोह के प्रमुख आयोजक राजन कश्यप (महानगर महासचिव समा. जवादी पार्टी गाजियाबाद) एवम उमेश कश्यप समाजसेवी द्वारा समाज से एकजुट रहने आपसी भाईचारा कायम रखने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, नितिन त्यागी जिला महासचिव समा. जवादी पार्टी, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, राष्ट्रीय प्रवक्ता भुवन भास्कर जोशी, श्रवण त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, राज देवी चौधरी मनोज पंडित उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी जिला, महानगर कमेटी की ओर से कश्यप समाज को जयंती की शुभकामनाएं दी गई।

समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेपी कश्यप, चंद्रभान कश्यप, सुखबीर कश्यप सुनील कश्यप,रामरीछपाल कश्यप, अमर सिंह कश्यप, नानक चंद कश्यप ,विनोद कश्यप सुरेंद्र कश्यप ,कर्मवीर कश्यप ,पप्पू कश्यप मोनी कश्यप ,चंद्रपाल कश्यप अनिल कश्यप प्रमोद कश्यप, सतीश कश्यप, नवीन कश्यप ,सचिन कश्यप, धनेश कश्यप, हिमांशु कश्यप, पंकज



कश्यप, जिले खान सलमानी, रिंकू कश्यप, विजयपाल कश्यप, अशोक कश्यप, चरण सिंह कश्यप, अमित कश्यप अनिल कश्यप अमित कश्यप उमेश कश्यप नरेंद्र कश्यप गौरव कश्यप जॉनी कश्यप मोनू कश्यप अनुज कश्यप राहुल कश्यप बंटी कश्यप दीपक कश्यप जसवंत सिंह नरेंद्र कश्यप शिवम कश्यप हेमंत सिंह कृष्णा कश्यप गगन कश्यप मंकी कश्यप दिग्विजय सिंह कश्यप वरुण कश्यप जसवंत सिंह, कमल कश्यप, सोहनवीर, शशि कश्यप, अनीता कश्यप, लीला, संतोष कश्यप, अनिता कश्यप , बाला कश्यप, राजेन्द्र कश्यप, रूपवती कश्यप, कपिल कश्यप, प्रमोद कश्यप, प्रवीन कश्यप, अवधेश कश्यप, पंकज महेश्वरी कश्यप, प्रदीप कुमार, उमेश कश्यप, इकराम कश्यप, जयवीर कश्यप, वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र चौधरी, देवेंद्र, अनूप सिंह, अनुज कश्यप, राहुल कश्यप,रामू कश्यप, प्रदीप कश्यप, शिवम पंडित जोगिंदर कश्यप, अमन कश्यप, जोनी कश्यप, गौरव कश्यप, विक्की कश्यप, ऋषि पाल कश्यप, मोनू कश्यप, कमल कश्यप, नीरज कश्यप एडवोकेट, प्रमोद कश्यप, साहिल कश्यप, सनी कश्यप, भारत कश्यप रिंकू कश्यप, पिंटू कश्यप, गगन कश्यप, दीपक कश्यप, सुशील कश्यप, मधुसूदन सोनी, दीपक त्यागी, मुकेश कुमार एवं समाजवादी पार्टी की तरफ से मनोज पंडित सौदान गुर्जर कमलेश चौधरी कमलेश यादव विक्रांत पंडित असलम कुरैशी शाहनवाज खान साजिद सैफी कृष्ण यादव आंसू अब्बासी नवीन शर्मा राजवीर गौतम , कबीर सलमानी, आजाद सलमानी सत्येंद्र भगत, किरण चौधरी, वीरेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश कंसल, नरेश बत्रा, आरिफ कसार निसार कसार आदि सभी सम्मानित पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# कवि सम्मेलन में कवियों ने लूटी श्रोताओं की वाहवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के चांदनी वाला मंदिर में विगत रात्रि श्री दुर्गा मेले मे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें कवियों ने श्रोताओं की वाहवाही लूटी।

कवि सम्मेलन का उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी धर्मपाल गर्ग ने दीप प्रज्वलित करके किया। सुप्रसिद्ध कवि डाक्टर विष्णु सक्सेना ने अपनी कविता में कहा कि रेत पर नाम लिखने से क्या फायदा, एक आई लहर कुछ बचेगा नही, तुमने पत्थर सा दिल हमको कह तो दिया, पत्थरों पर लिखोगे मिटेगा नही। में तो पतझर था फिर मुझे क्यूं निमंत्रण दिया, ऋतु बसंती को तन पर लपेटे हुए, आस मन में लिए प्यास तन में लिए, कब शरद आई पल्लू समेटे हुए, तुमने फेरी निगाहें अंधेरा हुआ, ऐसा लगा है सूरज उगेगा नहीं। मैं तो होली मना लूंगा सच मानिए, तुम दिवाली बनोगी ये आभास दो, मैं तुम्हें सौंप दूंगा तुम्हारी धरा, तुम मुझे मेरे पंखों को आकाश दो, उंगलियों पर दुपटा लपेटो न तुम, यूं करोगे तो दिल चुप रहेगा नही। आंख खोली तो रुक्मिणी सी लगी, बंद की आंख तो राधिका तुम लगी, जब भी सोचा तुम्हें शांत एकांत में, मीराबाई सी एक साधिका तुम लगी, कृष्ण की बांसुरी पर भरोसा रखो, मन कही भी रहे पर डिगेगा नही सुनाकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। हास्य कवि डाक्टर पोपलरी मेरठ ने पढ़ा कि इस मर्तबा भी आए हैं नंबर तिरे तो कम, रुस्वाइयों का क्या मिरी दफ्फ्तर बनेगा तू, बेटे के मुँह पे दे के चपत बाप ने कह, फिर फ़ेल हो गया है मिनिस्टर बनेगा तू सुनाकर सभी को गुदगुदाया। कवि पार्थ नवीन ने पढ़ा कि बड़ा गजब का फैशन, लव के दो दो स्टेशन, कहती है दिल्ली में हूं, पर गोवा का लोकेशन, फिर से हुआ फजीता, अपनी किस्मत फूटी निकली, रे तुझको काटे काला कव्वा तू भी झूठी निकली सुनाकर सभी श्रोताओं की वाहवाही लूटी।

कवियत्री पद्मिनी शर्मा ने पढ़ा जो कुछ भी दिया है सदा भरपूर दिया है, सरहद को अपनी आंख का ही नूर दिया है, अहसान उसका कोई भला क्या चुकाएगा, जिस नारी ने इस मुल्क को सिंदूर दिया है सुनाकर श्रोताओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा कर दिया। कवि प्रख्यात मिश्रा ने कहा कि मुझको तू वचन दे मात्र एक, रणभूमि दूध की क्या लाज को बचाएगा, तेरे पूर्वजों ने जो लिखा पुण्य इतिहास, इतिहास लाडले क्या तू भी दोहराएगा। इस पर तालियां बजती रही।

यहां मुख्य अतिथि बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी और अति विशिष्ट अतिथि बुढ़ाना कश्यप समाज की खाप चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप रहे। आयोजन में सभासद अजय संगल की भी अहम भूमिका देखने को मिली।

## मोरना मिल में सात अप्रैल तक होगी गन्ने की आपूर्ति

**मोरना।** दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड मोरना के प्रधान प्रबंधक वीपी पांडेय ने बताया कि चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई कार्य समय से प्रारम्भ कर अपनी क्षमता के अनुसार बाण्डेड गन्ने की पेराई की जा रही थी, परन्तु गत सप्ताह से भारी इण्डेट दिये जाने के उपरान्त भी चीनी मिल में निरन्तर गन्ना आपूर्ति में गिरावट कमी आ रही है। ऐसी स्थिति में चीनी मिल को चलाये जाने से आर्थिक क्षति उठानी पडेगीं। जिसके चलते कृषक भाईयों से अनुरोध है कि वह सात अप्रैल तक अपना अवशेष गन्ना मिल में आपूर्ति करना सुनिश्चित करें, जिसके बाद चीनी मिल की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

# गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई कर फरार बदमाश को घर से दबोचा

■ **जघन्य अपराधों को अंजाम देता आ रहा था शातिर बदमाश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना मीरापुर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुकदमों में शामिल सात बदमाशों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह लंबे समय से आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए गंभीर और जघन्य अपराधों को अंजाम देता आ रहा था, जिससे क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह के सदस्यों द्वारा किए गए कृत्य बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय हैं। इनके अवैध कार्यों के चलते आम जनता में इतना डर व्याप्त था कि कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने या गवाही देने के लिए आगे नहीं आ रहा था।

इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि उक्त गिरोह के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरा. ेधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की गई है।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वंश गोस्वामी पुत्र मनोज गिरी निवासी मीरापुर, अंशुल भलाना पुत्र महकर बढ़ाना निवासी पड़ाव चौक मीरापुर तथा बाबा उर्फ आकाश पुत्र संजय निवासी ग्राम भुम्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। बीआईटी चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बाबा उर्फ आकाश काफी समय से फरार चल रहा था, जिसे मुखबिर की सूचना पर उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# वार्षिकोत्सव पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**, मोरना।** महर्षि शुकदेव पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच स्कूल के टापर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

शुभारंभ प्रधानाचार्या मुनेश पंवार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया जिसके बाद छात्रा माहीं, जानवी, परी, नेहा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिसके बाद छात्रा अवनी, प्रांजल, पायल, परी, तनु, दिव्यांशी, काजल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणी, राजस्थानी लोक गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समापन पर हाईस्कूल में वर्ष 2025 के



टापर छात्र सौरभ कुमार, कक्षा नौ में रमा, ओम मित्तल, पलक, माही व अवनी, कक्षा आठ में छवि , माही, आशिका, गगन, सादान, कक्षा सात में सजल, दिव्यांशी,तनु, देव कक्षा छह में उज्जवल, दिवस, चंदा, आलिमा, अरिन कक्षा पांच में प्रणव, कार्तिक, यश, राधिका, परी , आयुष तृतीय कक्षा चार में लक्ष्मी, आरोही, जानवी, अश्वनी, कक्षा तीन में राधिका, अंश, चिराग, शिवम, महिमा, कक्षा दो में प्रणव, विधि, वैभव तथा कक्षा एक में खुशी, आशीष, अथर्व, रिहान, माही को पुरस्कुत किया गया। कार्यक्रम में परीक्षा प्रभारी प्रियांशु शर्मा शिक्षिका अनिता, उदयवीर सिंह, विमलेश, मोहित, पिंकी, अंकुश,सोनम, सलोनी मौजूद रहे।



बुढाना:परिवार की मुखिया भूरा देवी का 101वां जन्मदिवस मनाते उनके परिजन।

## एक नजर

### धर्म परिवर्तन कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र में आर्थिक मदद के नाम पर कथित धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। यह मामला तब सामने आया जब कसौली गांव निवासी पंजाबी समाज के एक युवक ने ईद पर नमाज अदा करते हुए अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की। आरोप है कि युवक और उसकी मौसी का धर्म परिवर्तन कराया गया है। आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने आर्थिक सहायता का लालच देकर इन दोनों का धर्म परिवर्तन कराया। योग साधना यशवीर आश्रम के महंत स्वामी यशवीर जी महाराज ने भी एक वीडियो जारी कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने कसौली-कुटेसरा मार्ग पर दबिश देकर सुफियान पुत्र अख्तर और सोनू उर्फ शादाब नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार, इस मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मौसी और भांजा काफी समय से आरोपियों के संपर्क में थे। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और अन्य संबंधित पहलुओं को भी खंगाल रही है।

### वेदांता पब्लिक में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में तीन दिवसीय खेल. कूद प्रतियोगिता का समापन अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथिगण, विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य ,शिक्षक गण व अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तीन दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि, अर्जुन पहलवान (जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष) ,शिवकुमार पंवार पिता एवं कोच प्रियंका पवार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, लॉन्ग जंप के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विजय कुमार तोमर, जिला खेल अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव एवं पूनम बिश्नोई, डॉक्टर रणवीर सिंह (प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज कम्हेडा एवं जिला पुस्तकालय के प्रभारी) संजय राठी (जिलाअध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल) वीरेंद्र राठी जिला उपाध्यक्ष (भारतीय किसान यूनियन टिकैत), जाट संसार पत्रिका के संपादक अनंगपाल राठी एवं सिखेड़ा ग्राम प्रधान अनूप अहलावत के आगमन एवं स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया दौड़ लंबी कूद ,कबढी खो-खो, वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अनुशासन समर्पण एवं खेल भावना का परिचय दिया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है । उन्होंने यह भी कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है प्रयास और सीखने की भावना। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी तथा अन्य विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और प्रत्येक विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने भी विद्यार्थियों में खेल के प्रति सजगता एवं उत्साह को देखकर कहा कि खेल हमारी नेतृत्व क्षमता ,आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करते हैं उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के अंत में विद्यालय के खेल एवं शारीरिक शिक्षा के शिक्षक ;तिक राठी व प्रिंस कुमार द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की । खेल प्रतियोगिता के दौरान आमंत्रित सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार से यह आशा करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के जीवन में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करते रहेंगे । इस प्रकार तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन सफलतापूर्वक हुआ यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम बना बल्कि उन्हें अनुशासन ,सहयोग एवं प्रतिस्पर्धा की भावना का भी महत्वपूर्ण पाठ सिखा गया। इसके पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को मेडल ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेंदाता परिवार का सहृदय से सहयोग रहा।

# घर में घुसकर दलित परिवार पर हमला

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना क्षेत्र के गांव पमनावली में एक दलित परिवार के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित चतर पाल सिंह पुत्र फेरू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 मार्च की रात गांव के ही सोनू, बिन्दा उर्फ भानू और अतुल जबरन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर में मौजूद उनकी पोती और बेटियों के साथ छेड़छाड़ की। परिवार के विरोध करने पर आरो. पियों ने सभी के साथ मारपीट की और जमकर उत्पात मचाया।

पीड़ित के अनुसार, मारपीट के दौरान उनकी पुत्री संजीता के कान के कुंडल और गले का मंगलसूत्र भी गिर गया। साथ ही आरोपियों ने उनके पोते को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए परिवार को अपमानित किया।घटना के बाद से पूरा परिवार भय के माहौल में है और उन्होंने पुलिस से सुरक्षा के साथ-साथ आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिर"तारी के प्रयास जारी हैं।

# परिवार की मुखिया का 101 वां बर्थ-डे मनाया

**( महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** एक परिवार की खुशियों में उस समय चार चांद और लग गये जब उक्त परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला भूरो देवी का परिवार के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर भव्य आयोजन करते हुए बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ 101वां जन्म दिन मनाया।

इस अनोखे आयोजन की चर्चा गांव में ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों में भी रही। इस भव्य आयोजन से वाकई में ऐसा लग रहा था कि जैसे कि कोई शाही कार्यक्रम हो। मिली जानक. ारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव इटावा में रविवार की दोपहर में 101 वर्षीया बुजुर्ग महिला का 101वां जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ में मनाया गया। इस खुशनुमा अवसर जब बुजुर्ग महिला भूरो देवी का 101 वां जन्मदिन मनाया जा रहा था तो हर कोई उनसे आशीर्वाद लेता दिखाई दे रहा था। इस अवसर पर परिवार में खुशी की लहर अलग ही दिखी और गांव के लोगों ने भी इस खुशी में बढ़ चढ़कर भाग लिया। परिवार के सदस्य बताते हैं कि भूरो देवी का जन्म आजादी से पहले ही शामली जनपद के गांव लाख बहावड़ी में हुआ था और उनका विवाह बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव इटावा के निवासी स्वर्गीय अतर सिंह के साथ में हुआ था। जिनके 06 संतान हैं। जिनमें से चार लड़के और दो लड़कियां हैं। अब वे पोते, पोतियों, धेवते और धेवतियों से परिपूर्ण हैं। भूरो देवी के परिवार में चार बेटे हैं जिनमें तरस पाल सिंह, जीत सिंह, नरेंद्र सिंह और सुरेंद्र सिंह, दो बेटियां ओमकारी व दुलारी हैं। अब वर्तमान में उनका परिवार पोते, पोतियों, परपोते और परपोतियों से भरपूर है। जन्म दिवस के मौके पर परिवार और ग्रामीणों ने मिलकर केक काटा और उन्हें नोटों की माला और फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। इस खास अवसर पर लोगों ने उनकी लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की भी कामना की। गांव में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल रहा और सभी ने भूरो देवी के अनुभवों और आशीर्वाद को अपने लिए प्रेरणास्रोत बताया। श्रीमति भूरो देवी के 101वें जन्म दिन पर गांव में भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें परिवार के सदस्यों और गांव के लोगों ने भाग लिया। परिवार के सब सदस्यों के अनुसार श्रीमति भूरो देवी के जन्म दिन मनाने को लेकर गांव इटावा के लोगों में खुशी की बडी लहर है। ग्रामीणों ने इसके लिए उनको विभिन्न प्रकार के उपहारों से भी नवाजा है। कुल मिलाकर एक बुजुर्ग महिला के जन्मदिन को बड़ी ही धूमधाम से मनाने को लेकर गांव में खुशी का आलम है।

# गांधी कॉलोनी में किराएदार और विधवा मकान मालिक के बीच झगड़ा

**मुजफ्फरनगर ।** थाना नई मंडी क्षेत्र की गांधी कॉलोनी में रविवार को एक किराए की दुकान को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद एक विधवा मकान मालि. कन और रेस्टोरेंट संचालक के बीच हुआ, जिसके बाद मौके पर हंगामा हो गया।

जानकारी के मुताबिक, विक्रांत बालियान पिछले लगभग सात वर्षों से श्ब्लैक पेपरश नाम से रेस्टोरेंट चला रहे थे।

उनका किराया अनुबंध करीब सात महीने पहले समाप्त हो गया था। इसके बाद से विक्रांत दुकान खाली करने के लिए समय मांग रहे थे।कुछ दिंन पहले पुलिस चौकी में दोनों पक्षों के बीच एक समझौता हुआ था। इसमें रेस्टोरेंट संचालक ने 5 अप्रैल तक दुकान खाली करने का लिखित आश्वा. सन दिया था।रविवार को तय समय सीमा पूरी होने पर मकान मालकिन सोनिया अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि उन्होंने किराएदार को बाहर निकालकर दुकान पर कब्जा कर लिया और ताला लगा दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई, जो हंगामे में बदल गई।

घटना की सूचना मिलते ही एसआई संदीप धारीवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने ले गए। मामले की



जांच जारी है।मकान मालकिन सोनिया ने किराएदार पर दबंगई का आरोप लगाया है और अपनी जान-माल को खतरा बताया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबा. रा दुकान पर कब्जा करने की को. शिश की गई, तो वह आत्मदाह जैसा कदम उठाने को मजबूर होंगी। पुलिस के अनुसार, वर्तमान में दुकान पर मकान मालकिन का कब्जा है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व पति ने महिला की अश्लील वीडियो की वायरल

**बुढाना।** पूर्व पति ने अपनी शादी के अंतरंग पलों को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद करने के बाद अपनी पत्नि को तलाक देते हुए कुछ माह बाद उसके अश्लील फोटो और वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिए। पीड़िता की जब समाज में बदनामी होने लगी तो उसने पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए अपने पति, देवर और ननदों के खिलाफ पुलिस से कार्यवाही की मांग की। गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसने अपनी मर्जी से बीते वर्ष अप्रैल माह में सद्दाम पुत्र अहसान उर्फ काला निवासी ग्राम शेखा अम्बेहटा सहारनपुर संग निकाह किया था। शादी के कुछ माह तक सब कुछ ठीक रहा और फिर उसके बाद सद्दाम उसके संग मारपीट करने लगा। इसके बाद परिवार के लोगों के सामने दोनों अपनी मर्जी से फैसला कर अलग हो गये। शादी बाद सद्दाम ने उसके गंदे फोटो खींच लिये। जो उसी के मोबाइल मे रह गये। सद्दाम से अलग होने के बाद वो अपने गांव में रह रही है। सद्दाम की बहन अंजुम व तबस्सुम की गांव विज्ञाना में शादी हुई वी है। सद्दाम अब इस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उसके खींचे गये गंदे फोटो की वीडियों एडिट कर अश्लील गानों के साथ इस्टाग्राम आईडी पर सार्वजनिक रूप से पोस्ट कर रहा है। जिससे उसके परिवार की बदनामी हो रही है। उसने सद्दाम की बहन अन्जुम, तब्बसुम व उसके भाई समीर से बताया तो सबने उसके संग गाली गलौच की और कहा इस बार रिपोर्ट की तो जान से मार देंगे और हमने सद्दाम से कह दिया है तेरी वीडियो ऐसे ही डालता रहेगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# खादर क्षेत्र में भारी ओलावर्ष्टि से फसलों को नुकसान

**मोरना।** पिछले कुछ समय से जारी मौसम की आंख मिचौली से किसानों की नींद हराम है।गंगा व सोलानी नदी के खादर क्षेत्र मे हुई भारी ओलावृष्टि से सरसो, गेहूँ,गन्ना की फसलों को नुकसान हुआ है।वहीं जायद की नकदी फसल तबाह हो गयी है। मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तोफीर के जंगल व पंचायत के मजरे महाराज नगर,खैरनगर में रविवार की दोपहर तेज गरज व चमक के साथ भारी बारिश होने लगी इसी बीच ओले भी पड़ने लगे।जिस देखकर ग्रामीण डर गए।ग्राम प्रधान योगेश चौहान ने बताया कि भारी ओलावृष्टि से मजलिसपुर तोफीर महाराज नगर, खैर नगर के जंगल मे गेहूँ सरसों की पकी हुई फसलों को नुकसान हुआ है।जायद की फसलों तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी, टमाटर, लौकी,मिर्च, करेला, बैंगन,कद्दू आदि सब्जियां नष्ट हो गयी हैं।जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।खैरनगर निवासी सतीश चौहान सहित अरविन्द, सुरजा, चमन सिंह, सोमपाल, धर्मेन्द्र, मिलकराम व महाराज नगर निवासी कुलदीप,राकेश, कंव. रपाल, शिवकुमार, राजेन्द्र, चन्दर आदि ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया कि सर्वे कराकर नुकसान का आंकलन कराया जाएगा।नियमानुसार मदद की जाएगी।

# शुकतीर्थ में आचार्य इंद्रपाल को सर्व सम्मति से बनाया अध्यक्ष

■ **आचार्य इंद्रपाल को बनाया वैदिक योग आश्रम संस्था का अध्यक्ष**

**मोरना।** गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय, शुकतीर्थ में रविवार को संतो, कमेटी के सदस्य, पदा. धिकारियों, गुरुकुल के स्नातकों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य इंद्रपाल को सर्व सम्मति से वैदिक योग आश्रम संस्था का अध्यक्ष बनाया गया। जिसके बाद साधु-संतों , गणमान्यों व गुरुकुल के छात्रों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।

पौराणिक तीर्थ शुकतीर्थ स्थित गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय के संस्थापक स्वामी आनंदवेश महाराज का बीते 24 जनवरी को का निधन होने से वैदिक योग आश्रम संस्था का संस्था का अध्यक्ष पद खाली हो गया था। जिसको लेकर रविवार को गुरुकुल में संतो, कमेटी के सदस्य, पदाधिकारियों, गुरुकुल के स्नातकों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आचार्य इंद्रपाल को अध्यक्ष बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज व निरगाजनी के तेजपाल महाशय ने की जबकि संचालन प्रेमशंकर मिश्र ने किया। बैठक में कन्या गुरुकुल खोले जानें की मांग की गई, जिसके लिए भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने पांच लाख रूपये देने की घोषणा की। बैठक में स्वामी भरतदेव महाराज, स्वामी शिवानंद महाराज, पूर्व चेयरमैन मदनपाल, राजेश कुमार, चौधरी दीपक कुमार, सुरेंद्र सिंह, भीमसेन नटौर, दीपचंद, नरेंद्र, जोरावर सिंह, जिला प्रतिनिधि सभा से अनूप राठी रहे।

## महर्षि कश्यप जयंती पर हुआ हवन और पूजन

**बुढ़ाना।** कश्यप समाज बुढ़ाना क्षेत्र की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने रविवार के दिन बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में पांच स्थानों पर आयोजित किए गये कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। वे बुढाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पुरबालियान में महर्षि कश्यप जयंती शोभायात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिलघ हुए। इसके बाद विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के कुरावा गांव में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने इसके लिए आयोजक समिति को बहुत बहुत शुभकामनाएं व बधाई दी। इसके बाद उन्होंनें महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर मंदिर चांदनी वाला बुढ़ाना के प्रांगण में ईष्ट मित्रों के साथ मिलकर हवन पूजन किया। यहां मास्टर सीताराम कश्यप, मुकेश कश्यप, अमित कश्यप, सचिन कश्यप, दीपक कश्यप, अनिल कश्यप, पप्पू कश्यप, गोविंद कश्यप, संदीप कश्यप, प्रदीप कश्यप, ऋषिपाल कश्यप और धर्मपाल कश्यप आदि गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इसके अलावा उन्होंने बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अलीपुर अटेरना में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। यहां श्याम कश्यप, मास्टर मोहन लाल कश्यप, सोनाराम कश्यप, मुकेश कश्यप और अमित कश्यप आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके बाद उन्होंनें कस्बा बुढ़ाना में शोभायात्रा में भव्य रथ पर विराजमान श्री बाला जी महाराज के चरणों में भी शीश झुकाया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जेएमएस का शंखनाद-2(26) बना यादगार, छात्रों ने बिखेरे संस्कृति के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्थानीय जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव ह्शंखनाद-2(26) का भव्य और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा परिसर कला, संस्कृति और उत्साह से सराबोर हो उठा। रंगारंग प्रस्तुतियों ने न सिर्फ दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की झलक भी प्रस्तुत की।



कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन डा. हिमांशु सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल व शगुन सिंघल, महानिदेशक प्रो. डा. सुभाष गौतम, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक सहित संस्थान के प्राचार्य, संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल ने कहा कि शंखनाद-2(26) का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत से जोड़ते हुए उन्हें रचनात्मक मंच प्रदान करना है। उत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न क्लबों द्वारा प्रस्तुत थीम आधारित कार्यक्रम रहे। इसके अलावा संगीत, नृत्य, नाटक, स्किट, कॉमेडी और फैशन शो जैसी प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल के निष्पक्ष निर्णय के आधार पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छह प्रमुख क्लबों में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्रोफेशनल और मैनेजमेंट क्लब को मिला, जबकि टेक्निकल क्लब द्वितीय और साइंस क्लब तृतीय स्थान पर रहा। मेधावी छात्रों को अवार्ड, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल ने सफल आयोजन पर पूरे जेएमएस परिवार और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान एक परिवार की तरह है, जहां सभी के सहयोग से ऐसे भव्य कार्यक्रम संभव हो पाते हैं। अंत में महानिदेशक प्रो. डा. सुभाष गौतम ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रीति शर्मा ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में कल्चरल समिति का विशेष योगदान रहा।

# गौकशी की साजिश फेल, पुलिस मुठभेड़ में तीन गोकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कपूरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गौकशी की फिराक में घूम रहे तीन आरोपितों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपितों के कब्जे से एक जिंदा प्रतिबंधित पशु, अवैध असलहा सहित कारतूस, दो अवैध चाकू और गौकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं।



थाना प्रभारी के अनुसार थाना कपूरपुर टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग जंगल ग्राम बझैड़ा के पास गौकशी की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपितों ने भागने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख उन्होंने पुलिस पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ के दौरान तीनों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जफर पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम नारायणपुर बास्का की मढैया, परवेज पुत्र तैय्यब निवासी उसी गांव तथा यासीन पुत्र बाबूखान निवासी ग्राम करनपुर जट्ट थाना धौलाना के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर इनके कब्जे से एक जिंदा प्रतिबंधित पशु, एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा व एक खोखा कारतूस, दो अवैध चाकू तथा गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इनके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# संविधान बचाओ सम्मेलन में जातिसूचक शब्द के प्रयोग पर सांसद की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के मंगल भवन में रविवार को आयोजित कांग्रेस के संविधान बचाओ सम्मेलन के दौरान उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बाराबंकी के सांसद और एससी/एसटी प्रकोष्ठ के चेयरमैन तनुज पुनिया के एक बयान पर सवाल खड़े हो गए। सम्मेलन में जहां एक ओर भाजपा सरकार पर निशाना साधा गया, वहीं दलितों पर हो रहे अत्याचारों और उनके अधिकारों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग मौजूद रहे। मंच से संबोधित करते हुए तनुज पुनिया ने बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की विचारधारा, उनके संघर्ष और योगदान को विस्तार से रखा। इसी दौरान उनके द्वारा एक जातिसूचक शब्द के प्रयोग को लेकर सभा में मौजूद कुछ लोगों के बीच असहजता देखने को मिली। सम्मेलन समाप्त होने के बाद जब मीडिया द्वारा इस विषय पर तनुज पुनिया से सवाल किया गया, तो उन्होंने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी को अपमानित करने या गाली देने के उद्देश्य से शब्द का प्रयोग नहीं किया, बल्कि केवल जाति का उल्लेख किया है। उनका कहना था कि जाति का नाम लेना गलत नहीं है, क्योंकि यह आधिकारिक दस्तावेजों में भी दर्ज होता है। जब उनसे पूछा गया कि आम व्यक्ति द्वारा ऐसे शब्दों के प्रयोग पर अक्सर एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हो जाते हैं, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून तब लागू होता है जब किसी व्यक्ति को लक्षित कर अपमानजनक तरीके से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया जाए। उनके अनुसार, यदि किसी को संबोधित कर गाली या अपमान किया जाता है, तभी यह अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे मामलों में कार्रवाई भी होनी चाहिए। हालांकि, इस बयान को लेकर सम्मेलन में शामिल कुछ लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। राजनीतिक कार्यक्रम के बीच उठे इस विवाद ने सम्मेलन की चर्चाओं को एक अलग दिशा दे दी। सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलाचना करते हुए संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात दोहराई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन बयान को लेकर उठे सवालों ने राजनीतिक हलकों में नई बहस को जन्म दे दिया है।





# पिलखुवा में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, प्रशिक्षण महाभियान में जुटे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना विधानसभा क्षेत्र के पिलखुवा नगर मंडल में भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिलखुवा स्थित विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर एवं प्रशिक्षण अभियान के प्रभारी फ्रुल्ल सारस्वत ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विभु बंसल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा आज भी देश और समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करें। विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की और सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कविता माधरे, जिला कोषाध्यक्ष अंशुल मित्तल बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पालिका के सभासद वरुण शर्मा, चेतन राणा, नरेश भारती, डा. राजेश कुमार और लोकेश प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण महाभियान के तहत आयोजित रात्रि प्रवास में भी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और ऊर्जा का माहौल रहा, जहां कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आगामी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष बनने पर जीते चौहान का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने जीते चौहान को भारतीय किसान यूनियन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष बनने पर सैकडों लोगों ने जीते चौहान के आवास पर पहुंचकर फूलमाला से जोरदार स्वागत किया है। इस मौके पर भाकियू के नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष जीते चौहान ने कहा कि वह किसानों की लड़ाई लड़ते रहे हैं और हमेशा पूरी ईमानदारी से लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन को मजबूत करना उनका मकसद है। उन्होंने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व किसान यूनियन टिकैत की सराहना करते हुए कहा कि वह हमेशा सच्चाई के साथ किसान यूनियन को मजबूत करेंगे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकेत के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया।



# नकदी और आभूषण संग चार महिला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की फिराक में घूम रही घुमंतू जाति की चार महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया है। आरोपिताओं के कब्जे से नकदी, आभूषण और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम कंदोली पुलिया के पास चार महिलाएं संदिग्ध अवस्था में घूमती दिखाई दीं। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की और तलाशी ली तो उनके पास से 25 हजार रुपये नकद, पीली व स्फेद धातु के आभूषण तथा दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि चारों महिलाएं घुमंतू तरीके से अलग-अलग स्थानों पर अस्थायी ठिकाने बनाकर रहती थीं। कुछ दिन एक स्थान पर रुककर आसपास के बंद मकानों की रेकी करती थीं और फिर अपने पतियों के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देती थीं। वारदात के बाद वे तुरंत ठिकाना बदलकर दूसरे इलाके में चली जाती थीं, जिससे पुलिस की पकड़ से बच सकें। गिरफ्तार अभियुक्ताओं की पहचान रिहाना पत्नी अजीत, सरिता पत्नी इंतजार, पुष्पेन्द्री पत्नी अंकित निवासीगण ग्राम हैदरनगर नंगोला थाना कोतवाली नगर हापुड़ तथा राखी पत्नी सनी निवासी ग्राम उजारी थाना गजरौला जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। बरामद आभूषणों में सात जोड़ी पाजेब, 14 जोड़ी बिछुए, तीन सिक्के, एक अंगूठी, एक लॉकेट और मोती जड़ी एक लड़ी शामिल है। पुलिस को आशंका है कि ये सामान विभिन्न स्थानों पर की गई चोरी की घटनाओं से संबंधित हो सकता है। पुलिस ने चारों आरोपिताओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। साथ ही इनके अन्य साथियों और गिरोह के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### दहेज हत्या केस में बड़ी गिरफ्तारी, पुलिस ने सास को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रही आरोपित सास को पिलखुवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बीएनएस एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दर्ज मामले में नामजद आरोपित धनवती पत्नी बलीराम, निवासी मोहल्ला अर्जुननगर डबरिया थाना पिलखुवा, काफी समय से फरार चल रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उसकी लगातार तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में थाना पिलखुवा पुलिस को सूचना मिली कि वांछित आरोपिता जटपुरा कट के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपिता ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते वह सफल नहीं हो सकी। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपिता को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना से संबंधित सभी तथ्यों को सामने लाया जा सके।

### पिलखुवा पुलिस का एक्शन, हाईवे से हथियारबंद बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना पिलखुवा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति हाईवे से ग्राम हिण्डालपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इरशाद पुत्र फकरुद्दीन निवासी मोहल्ला आदर्श कॉलोनी थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ थाना पिलखुवा में वर्ष 2017 में चोरी और वर्ष 2018 में मारपीट व हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी के अन्य आपराधिक कनेक्शन की भी जांच की जा रही है।

### रात्रि गश्त से एंटी रोमियो तक, हर स्तर पर पुलिस का कड़ा पहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिला सुरक्षा को लेकर जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पिलखुवा पुलिस ने जमीनी स्तर पर सख्ती और सक्रियता बढ़ा दी है। एक ओर जहां रात्रि शिफ्ट में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त और निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं दिन के समय एंटी रोमियो टीमों द्वारा बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के औद्योगिक और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया, जहां महिलाएं देर रात या सुबह के समय कार्यस्थलों तक आती-जाती हैं। पुलिस ने मौके पर मौजूद महिलाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि महिला सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के अन्य थाना क्षेत्रों में भी एंटी रोमियो स्क्वॉड और महिला सुरक्षा दल सक्रिय नजर आए। पुलिस की इस दोहरी रणनीति रात्रिकालीन गश्त और दिन में एंटी रोमियो अभियान का सकारात्मक असर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। महिलाएं और बालिकाएं पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और आत्मविश्वास के साथ घर से बाहर निकल रही हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश का आरोपी पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में महिला एवं बाल अपराधों पर सख्ती के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(5) के तहत नामित अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी ग्राम रामपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकुमार शर्मा पुत्र हुकुमचंद शर्मा निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि नाबालिगों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसान परेशान, फसलों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में शनिवार रात से ही हो रही तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश से सरसों व गेहूं की फसल को अत्यधिक नुकसान हुआ है। रविवार को भी सारा दिन बारिश हुई और ओलावृष्टि भी हुई, उधर सरसों की फसल पक कर तैयार थी। किसानों ने फसल को सूखने के लिए खेत में ही छोड़ दिया था। जबकि कई किसानों ने अपनी सरसों और गेहूं की फसले काट ली थी,जो की बारिश में भीग गई और गेहूं की खड़ी फसल भी तेज हवा से पसर (गिर) गई है। उधर सूखने के लिए छोडी सरसों की फसल ओलावृष्टि होने से आधे से ज्यादा खेत में झड़ गई है,जिसको देखकर किसान परेशान है। अचानक बदले मौसम की वजह से सरसों और गेहूँ की फसल को नुकसान होने से किसानों के माथे पर चिंता दिखाई दे रही है। आशंका जताई गई है। इस साल क्षेत्र में पहले से ज्यादा सरसों की खेती की गई थी। फसल भी इस बार अच्छी थी। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार पैदावार अधिक होगी। लेकिन बेमौसम बरसात ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जिसको देखकर किसान परेशान है। उपेश त्यागी का कहना है,कि किसान अपनी फसलों को अपने बच्चों की तरह पालता है,अपने बच्चों की तरह उसका ख्याल रखता है, और जब इस तरह किसान की फसल उसकी आंखों के सामने बर्बाद होती है तो उसे बहुत दुख होता है। किसानों ने फसलों में हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में हल्का लेखपाल ने बताया कि बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टि हुई है। इससे फसल को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। शिकायत आने पर फसल की जांच कर रिपोर्ट बनाई जाएगी।



# जनपद में धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

**शाहटाइम्स, टीम**

**शामली** जनपद में महर्षि कश्यप जयंती को लेकर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज के लोग महर्षि कश्यप के आदर्शों को याद कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दे रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को शहर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

अखिल भारतीय श्री महर्षि कश्यप विकास चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज जयंती शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी किरणपाल कश्यप, श्री बजरंग लाल मेहरा जयपुर व चेयरमैन फतेहगढ़ निर्मल सिंह कश्यप, जम्मू कश्मीर से रमेश डोगरा ने संयुक्त रूप से महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप को सृष्टि का रचियता माना जाता है। कार्यक्रम में आये विभिन्न प्रदेशों के लोगों ने महर्षि कश्यप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों व कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आखिर में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सत्यपाल कश्यप, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, टोनी सिंह कश्यप, विजय कौशिक, सुरेन्द्र कश्यप, डा. राजकुमार कश्यप, गौरव कश्यप, हरबीर कश्यप, चंद्रपाल कश्यप, रघुवीर कश्यप, भारत कश्यप, सोनू कश्यप आदि मौजूद रहे। थानाभवन संवाददाता के अनुसार महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर पर थाना भवन कस्बे में श्रद्धा भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मोहल्ला मुजावरान राजौ की मोरी से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री दयाल आश्रम पर आकर एकत्रित हुई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी। इस दौरान पलटू राम कश्यप,संजय कश्यप, कन्हैया कश्यप संजय शर्मा विपिन, सुरेंद्र, बॉबी अरोरा, देवेंद्र पंडित, जगमालसैनी, अनिल कुमार, शालू राणा मौजूद रहे।चौसाना संवाददाता के अनुसार महर्षि कश्यप और निषादराज जयंती के उपलक्ष्य में कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोगों सहभागिता की।

# नशे के खिलाफ अभियान तेज, गांजा तस्करी में लिप्त हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध गांजा और नकदी बरामद की है।

थाना प्रभारी के अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर एटीएमएस कॉलेज की ओर जाने वाले रास्ते पर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध गांजा और नकदी बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विवेक कुमार सिंघल पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम अच्छेजा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है, जो थाना हापुड़ नगर का हिस्ट्रीशीटर (नंबर 132ए) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और मादक पदार्थों की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

# दिखावे की संस्कृति रोकने को तैयार गुर्जर समाज

## शाहजहांपुर में हिन्दू गुर्जर समाज की प्रभावशाली बैठक में समाजोत्थान को लिए फैसले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** विकासखंड सरसावा क्षेत्र के शाहजहांपुर अंतर्गत गांव में हिंदू गुर्जर समाज की एक प्रभावशाली बैठक आयोजित हुई, जिसमें समाज सुधार, कुरीतियों के उन्मूलन और शिक्षा के प्रसार को लेकर व्यापक मंथन किया गया।



अंबाला रोड स्थित किसान मजदूर इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु विवाह समारोहों में बढ़ती फिजूलखर्ची और परंपराओं में आ रही अनावश्यक दिखावे की प्रवृत्ति को रोकना रहा। वक्ताओं ने एकमत से कहा कि शादियों को सादगीपूर्ण बनाकर समाज को आर्थिक बोझ से बचाना समय की आवश्यकता है। इस दौरान प्रस्ताव रखा गया कि मढ़े की दावत को परंपरागत रूप से दाल, चावल, घी, बूरा और लड्डू तक ही सीमित रखा जाए। भात नौतने में केवल पांच लोगों की भागीदारी हो, बारात में भी सीमित संख्या में लोग शामिल हों और शादी में "एक ही मिलाई" की परंपरा को अपनाया जाए, जिससे अनावश्यक प्रतिस्पर्धा और खर्च पर रोक लग सके।

बैठक में डॉ. प्रीतम सिंह, चौधरी वीरेंद्र चौधरी, राजवीर सिंह पवार, चौधरी वेदपाल , चौधरी आशकिरण सिंह,व अमित कोहली एडवोकेट सहित अन्य वक्ताओं ने समाज में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को खेती-बाड़ी के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों तक पहुंचना चाहिए, जिससे समाज का मान-सम्मान बढ़े और देश के विकास में भी भागीदारी सुनिश्चित हो। खासकर बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही वक्ताओं ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए युवाओं से इससे दूर रहने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता चौधरी ओमकार सिंह (घोड़ो पीपली) ने की, जबकि संचालन मास्टर प्रीतम सिंह (हैदरपुर) व चौधरी कृपाल सिंह (झरौली) ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर चौधरी धर्मवीर सिंह एडवोकेट, चौधरी अशोक सिंह, चौधरी नरेंद्र प्रधान, चौधरी सुरेश, चौधरी दलबीर सिंह, चौधरी संदीप मुखिया ,चौधरी राजबीर सिंह प्रधान, मेघराज सिंह,रोहित सरपंच ,सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के गांव कलालहटी में रविवार सुबह करीब 10 बजे दो पक्षों के बीच झगड़ा और मारपीट हो गई।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी वाजिद गौर अपने घर में दीवार का निर्माण कार्य कर रहे थे। उसी दौरान जहांगीर गौर अपने पुत्रों कुशाल गौर, शादाब गौर, सुहेल गौर सहित अन्य युवकों को बाहर से बुलाकर वाजिद गौर पर हमला कर दिया। हमले के दौरान फावड़ा भी चलाया गया, जिसमें दोनों पक्षों के सदस्य घायल हो गए सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनय शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तुरंत कार्रवाई करते हुए जहांगीर गौर के तीनों बेटों कुशाल गौर, शादाब गौर और सुहेल गौर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने फावड़ा चलाने वाले युवक का चालान किया है।



साथ ही प्रथम पक्ष के वाजिद गौर का भी चालान किया गया है।

# पर्यावरण संरक्षण को रोपित किए पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा ग्राम बरथा कायस्थ में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना था।



इस अवसर पर सभी गुरु प्रेमी भक्तों को पौधों का वितरण किया गया, तथा प्रकृति संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बच्चों ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि वृक्षों के महत्व को समझते हुए पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश भी ग्रहण किया। इससे उनके अन्दर प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विक. सित हुई।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने वृक्षों का दोहन न करने, उनकी सेवा और देखभाल को अपना कर्तव्य मानने का संकल्प लिया। कार्यक्रम आशुतोष महाराज के मार्गदर्शन में उनकी शिष्याओं सुश्री अंबालिका भारती, पूजा भारती, सोमप्रभा भारती एवं सुशीला भारती द्वारा सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया।

## वार्षिकोत्सव मनाया

**गंगोह।** हर्षोल्लास के साथ मनाये गये दिव्य पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा व शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये।

राधेश्याम शर्मा, सपा नेता कार्तिकेय राणा, साहब सिंह पुंडीर व अभय राणा के साथ ही देवेन्द्र चौहान के सम्मान में बच्चों मनीषा, मोनिका, सरोज, अंजलि, अदिति, तन्नू, रीना, दीपा, बेबी, साक्षी, कविता, आंचल, कोमल, मनजीत, आजम, सेजल, कोमल आदि ने शानदार प्रस्तुतियां दी। गगन शर्मा के निर्देशन में बच्चों की प्रस्तुतियों ने अतिथिगण को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रबंधक प्रदीप शर्मा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# घर में घुसा खनन से भरा अनियंत्रित डम्पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के कलसिया रोड पर एक डरावना हादसा हो गया। खनन से लदा भारी भरकम डम्पर (घोड़ा) अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा। हादसे में किसी के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन हादसे की तीव्रता को देखते हुए बड़ी अनहोनी टल गई



मिली जानकारी के अनुसार यह डम्पर कलसिया की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहा था। डम्पर में खनन (गिट्टी बालू) लदा हुआ था। अचानक टेक्निकल खराबी के कारण ड्राइवर वाहन पर काबू नहीं रख पाया और यह फूलसिंह निवासी फतेहपुर के घर में सीधा घुस गया। घर में परिवार के सदस्य मौजूद थे, लेकिन संयोग से किसी को चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर थोड़ी भी देर होती या डम्पर घर के किसी अन्य हिस्से में लगता तो बड़ा हादसा हो सकता था आसपास रहने वाले लोग अभी भी हादसे के सदमे में हैं

बताया जा रहा है कि डम्पर चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था यह बात अब पुलिस की जांच का मुख्य विषय बन गई है। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ शुरू कर दी है। हादसे के बाद कलसिया रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और वाहन को क्रेन की मदद से बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया गया है।

थाना फतेहपुर पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। टेक्निकल खराबी और बिना लाइसेंस ड्राइविंग दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने डम्पर को जब्त कर लिया है। हादसा एक बार फिर भारी वाहनों की अनियंत्रित गति और लापरवाही की ओर इशारा करता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से कलसिया रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्ती बरतने की मांग की है।

## छज्जा गिरने से मजदूर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** अचानक छज्जा भरभराकर धराशाही हो गया। जिसके साथ ऊपर काम कर रहे दो मजदूर नौशाद और तालिब निवासीगण मोहल्ला ईलाही बख्श भी छज्जे के साथ नीचे गिरकर घायल हो गए।

गौरतलब है कि गत पखवाडे से धर्मशाला की ऊपरी मंजिल पर बने पुराने और जर्जर कमरों को तोड़ने का कार्य चल है। इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ आज दोपहर छज्जा गिर गया। जिससे आसपास मौजूद लोगों में हडकम्प मच गया और मौके पर भीड़ जुट गई। धर्मशाला के नीचे कई दुकानें हैं, जिनपर लगातार ग्राहकों की आवाजाही लगी रहती है।

# ब्लॉक का हो रहा भरपूर विकास: विजयपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देशन में हम ब्लॉक स्तर पर हम भरपूर विकास करा रहे हैं।जिसका जनता को लाभ मिल रहा है उनके जीवन में खुशहाली विकास आ रही है।



क्षेत्र के गाँव साँचलू में क्षेत्र पंचायत निधि द्वारा कराए जा रहे कार्य का शिलान्यास पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मेलाराम पँवार और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह द्वारा किया गया।संबोधित करते हुए मेलाराम पँवार ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर विकास की गाथा लिखी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व उनकी प्रेरणा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं जिससे आम जनमानस में जीवन में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा ब्लॉक क्षेत्र में श्रीमती गीता रानी विजयपाल सिंह सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि सरकार के नेतृत्व में ब्लॉक स्तर पर हम भरपूर विकास कार्य करा रहे हैं। पूरे ब्लॉक क्षेत्र में रिकॉर्ड विकास कार्य कराए गए हैं। हमने उन जगहों पर कार्य कराए हैं जहाँ ध्यान नहीं जाता था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जैसी जिम्मेदारी हमें मिलेगी उस पर खरे उतर कर दिखाएंगे।

इस दौरान ग्रामीण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संस्था से हमेशा रहेगा जुड़ाव: पूजा

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में सद्भावना व स्वागत बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के विकास में योगदान देने वाले सम्मानित सदस्यों का अभिनंदन व नवनियुक्त प्रधानाचार्य का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष मेघगोपाल गोयल व उमेश गोयल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रबंधक राकेश तायल, नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजयकांत गुप्ता, सुनील गर्ग, चंद्रमोहन गोयल ने मां के चरणों में पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में संस्थान के विकास में योगदान देने वाले सम्मानित सदस्यों का अभिनंदन व नवनियुक्त प्रधानाचार्य का स्वागत किया गया। उप प्रधानाचार्या पूजा सिंह ने 17 वर्षों तक विद्यालय में अपनी सेवाएं देकर एकेडमी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि विद्यालय परिवार के साथ बिताए गए वर्षों की यादें उनके जीवन की सबसे अनमोल धरोहर रहेंगी और इस संस्था से उनका जुड़ाव हमेशा बना रहेगा। प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता ने 10 वर्षों तक विद्यालय के विकास और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में निरंतर योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल विद्यालय में अनुशासन, शैक्षिक गुणवत्ता और विकास के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। दोनों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। यह पल हम सबके लिए बहुत भावुक रहा सभी की आंखें नम थीं। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा लिटिल अग्रवाल का भव्य स्वागत करते हुए नया प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया और उन्हें कार्यभार सौंपा गया। अतिथियों ने संस्थान की उन्नति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आप हमेशा ऊंचाइयों को प्राप्त हो हमारा आशीष सदा आपके साथ रहेगा आप विद्यालय से अपने मन से हमेशा जुड़े रहेंगे।

# महर्षि कश्यप जयंती पर जनपदभर में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्राएं









**सहारनपुर।** सृष्टि के रचियता महर्षि कश्यप की जंयती आज बड़े हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर महषि कश्यप के आदर्शो व सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया जिसका महानगर में जगह-जगह स्वागत किया गया।

आज जेल चुंगी स्थित शान्ति नगर स्थित शिव मंदिर में शोभायात्रा से पहले सभी ने हवन में आहुतियां डालकर समाज के कल्याण की कामना की गई। पंडित मोहन चंद जोशी ने पूजन कराया। भंडारे के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। दोहपर बाद शांति नगर मंदिर से भव्य शोभायात्रा का शुभांरभ प्रोफेसर संदीप कश्यप, पंकज कश्यप व प्रदीप कश्यप समेत समाज के अनेक गणमान्य लोगों ने झांकियों का पूजन कर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में महर्षि कश्यप व श्रीराम सीता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। महर्षि कश्यप व देवी देवताओं की झाकियों के साथ शोभायात्रा शांति नगर से होते हुए नुमाइश कैंप, पुरानी चुंगी, घंटाघर और अंबाला रोड से होते हुए श्री बाबा कालू मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते में शोभायात्रा नन्दी फिरोजपुर से शामिल कलाकारी ने करतब दिखाए। शोभायात्रा पर दुकानदारों ने जगह-जगह स्वागत कर फुल बरसाए। प्रोफेसर संदीप कश्यप ने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप जी की शिक्षाएं आज भी हमें प्रकृति, समाज और समरसता के साथ संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है, जो समाज के लिए आवश्यक है। पंकज कश्यप ने भगवान महर्षि कश्यप द्वारा बताए गए सत्मार्ग पर चलने व उनकी नीतियों का अपने जीवन में अनुसरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप का सबसे पुराना इतिहास रहा है, कश्मीर राज्य को बसने वाले महर्षि कश्यप हैं। इस अवसर पर अंकित कश्यप महावीर कश्यप, डॉ. मांगेराम कश्यप, अमीन जयपाल कश्यप, सतीश कश्यप, सत्यपाल कश्यप, धन प्रकाश कश्यप, सुभम कश्यप, ऋषिपाल कश्यप( रेलवे), सुमित कश्यप, विनोद ठेकेदार, राजेंद्र कश्यप, अमित कश्यप आदि रहे।

**नागल।** गांव भाटखेड़ी में महर्षि कश्यप जयंती पर हवन पूजन कर शोभायात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर मांगेराम कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप के बताए रास्ते चलना चाहिए और एकजुट होकर समाज की ताकत का एहसास कराना चाहिए क्योंकि महापुरुष बिना किसी भेदभाव के सभी का कल्याण करते है जिनके विचार आज भी प्रासंगिक है। एसडी गौतम ने कहा कि सभी के मिलजुल कर रहने से ही समाज में मधुरता आती है ग्रामीण परिवेश में सभी समुदाय एक दूसरे के त्यौहार में शामिल होकर परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं जो ग्रामीण माहौल को खूबसूरत बनाते है। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर अनुयायी झूमते नजर आए। इस दौरान देवेन्द्र धवलहार, शीशपाल सैनी, शिवदयाल, सुरेश कुमार, अमित वालिया, सुखबीर कश्यप, मोहित कश्यप, निरंजन कश्यप, विनोद शर्मा, जीवन कश्यप, रामफल, राजबीर, सोल्हू, मुकेश सैनी, अभिषेक, लोक. श कुमार, अंकित खुराना, राजकुमार, सुमित दीक्षित, सतीश कोक्कू, विकास कुमार विक्की, जयपाल, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**अबेहटा।** नगर के मोहल्ला गूहा स्थित श्री महर्षि कश्यप मंदिर में महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव बड़े उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। सुबह मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ कर पूजा-अर्चना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे।

कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व चेयरमैन राजकुमार खुराना तथा चेयरमैन पद के प्रत्याशी डॉ. अब्दुल कादिर ने कश्यप समाज के लोगों को जन्मोत्सव की बधाई दी। पूर्व चेयरमैन राजकुमार खुराना ने कहा कि श्री महर्षि कश्यप ने जो मार्ग बताया है, उसी पर चलकर हमें अपने जीवन को सही दिशा देनी चाहिए। डॉ अब्दुल कादिर ने कहा कि श्री महाषि कश्यप ने समाज में भाईचारे का संदेश दिया है इस पर चलकर समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर शिवलाल कश्यप, यशपाल कश्यप, प्रदान कश्यप,जुगमेद कश्यप, सुशील कुमार कश्यप, मुकेश कश्यप, संजय कश्यप, राकेश कश्यप, कवरपाल कश्यप,ओमपाल कश्यप,अनूप कश्यप, प्रवीण कुमार कश्यप, अनिल कुमार कश्यप, शंकर कश्यप, सोनू कश्यप, वीर सिंह कश्यप, सचिन कश्यप, मोनू कश्यप, प्रीतम कश्यप सहित भारी संख्या में कश्यप समाज के लोग उपस्थित रहे।

**तीतरों।** महर्षि कालू बाबा की जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान प्रीतम सिंह कश्यप के साथ रामू कश्यप, बलराज देशवाल, बॉबी कश्यप, सभासद राजेंद्र कश्यप, राजीव देशवाल, राजेंद्र चौहान, चौधरी देवराज सिंह, गजेंद्र चौधरी आदि सहित अनेकों लोगों ने आहुति डाली। इस दौरान महर्षि कालू बाबा की आरती उतारी की तथा प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा रामलीला भवन परिसर से शुरू होकर, होली चौक, मैन बाजार, मोहल्ला कानून गोयन से होकर रामलीला भवन परिसर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई।

**गंगोह।** श्री महर्षि कश्यप जंयती पर महर्षि कश्यप गुरू श्री कालू बाबा युवा समिति कि ओर भव्य प्रभात फेरी का अयोजन किया गया। प्रभात फेरी के सम्पन्न के बाद हवन-यज्ञ व भण्डारे का भी आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का शुभारम्भ मोहल्ला मखदूम जहां स्थित भगवती कॉलोनी से सुबह 6 बजे हुई। जिसमें झण्डा पूजन सुंदर कश्यप ने कराया। प्रभात फेरी को भाजपा नेता राकेश आर्य ने फीता काट कर व हरी झण्डी दिखाकर प्रारम्भ किया। प्रभात फेरी मे जहॉ धर्म ध्वजा लेकर चले रहे थे। प्रभात फेरी के साथ महर्षि कश्यप के जय कारो से नगर पूरा गूंजायामान करती हुई प्रभात फेरी मैटाडोर स्टैंड सराय पट्टी, मखदूम जहॉ इलाहीबख्श, गुजरान, बाबूराय, गुलाम औलिया, शिवचौंक, कालेज रोड, गणेश चौंक से होती हुई भगवती कॉलोनी में ही समापन हुई। रास्तें में फुलों की वर्षा भी हुई। इसके बाद यज्ञ का आयोजन किया गया। पडिंत केशोराम शर्मा ने पूजन-अर्चना कराई। हवन यज्ञ में राजेंद्र कश्यप व सुलेंखचंद्र पप्पू कश्यप आदि ने आहूति डाली। दीप प्रज्लवित प्रवीण कश्यप ने की। प्रभात फेरी में महिलाओं ने भी बहुत बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व पंक्तियां बनाकर अनुशासन के अनुरूप चलाकर महिलाओं ने अपनी सार्मथय का परिचय दिया। प्रभात फेरी में नवयुवकों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मोहल्ला बाहुद्धीन में सिम्मी वेलफेयर फाउंडेशन सपना टेबक, अरविंद टेबक, पल्लवी अरोड़ा, महक, अनुभव, मुजम्मिल, अफजल व चौधरी टाकिज शिव मंदिर पर सोनू कश्यप, सेवकराम कश्यप, रामलाल कश्यप, कुमार फौजी, सन्नी, योगेंद्र, विजय, सीटू आदि ने पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सचिन, सोनू, कन्हैया, आयुष, गौरव, देवीचन्द, राकेश, अर्जुन, गौरव, प्रदीप, निहाल, सुबोध, राधा, प्रियांशु, रिया, निशा, शिवानी, राखी, अनुष्का सहित कश्यप समाज के सैंकड़ों पुरूष व महिलाएं मौजूद रही। प्रभात फेरी के सम्मापन के बाद भण्डारे का अयोजन किया गया। जिसमें भक्त जनों व समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**गंगोह।** कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में वर्ष 2025-26 में कक्षाओं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रबंधन समिति के वरुण गर्ग, स्वाति गर्ग, नीरज गोयल व प्रधानाचार्य पूनम शर्मा के हाथों सम्मानित होने वालों में नित्यस, उजैफा, अमानी, कुंज, वीर तोमर, गीत, विहान, हर्षिका, वैश्विक चुग, ध्रुव मित्तल, लविश, रौनक, अविका, अरनव गर्ग रहें। प्रधानाचार्य पूनम शर्मा व पदाधिकारियों ने बच्चों को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नवजात की मौत पर सीएमओ अनिल कुमार पर उठे सवाल, शिकायत के बाद भी नहीं की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनखंडी में नवजात की संदिग्ध मौत के मामले में पीड़ित अमरदीप पुत्र सुरेश चंद्र, निवासी मोहल्ला नंदू प्रसाद वार्ड नंबर-02 ने मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी शामली डा. अनिल कुमार पर गंभीर लापरवाही और कार्रवाई न करने के आरोप लगाए हैं।

पीड़ित के अनुसार, उसकी पत्नी लक्ष्मी को 30 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे प्रसव पीड़ा होने पर अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनखंडी में भर्ती कराया गया था। शाम करीब 7:30 बजे उसने एक बच्ची को जन्म दिया। आरोप है कि जन्म के बाद डाक्टरों ने कहा कि बच्चे का गंदा पानी बाहर किसी डाक्टर से निकलवाना पड़ेगा। जब अमरदीप बच्चे को लेकर बाहर डाक्टर के पास पहुंचा, तो वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि अस्पताल में घोर लाप. रवाही बरती जा रही है। डाक्टरों द्वारा यह भी बताया गया कि इससे पहले भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें नवजातों की धड़कन नहीं चल रही थी। इससे अस्पताल की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।




घटना के बाद अमरदीप ने सीएमओ शामली डा. अनिल कुमार को लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, कोतवाली शामली में भी तहरीर देने के बावजूद 5 दिन बीत जाने के बाद पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पीड़ित का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है, जिससे परिवार में आक्रोश है। न्याय न मिलने से परेशान होकर अमरदीप ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रदेश की योगी सरकार में पीड़ित को न्याय मिलता है या फिर जिम्मेदार अधिकारियों को संरक्षण मिलता रहेगा।

# नाले की सिल्ट डालने पर भड़की जनता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नाले से निकली सिल्ट को मोहल्ला माजरा स्थित ऊन रोड पर बनी नई कॉलोनी में डाले जाने से नाराज कॉलोनीवासियों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे भाकियू द्धअराजनैतिकऋ के मंडल अध्यक्ष सुखपाल राठी ने समस्या का समाधान न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

कॉलोनीवासियों ने ठेकेदार फरमान और उसके साथ मौजूद अमित से पूछा कि गंदगी किसके निर्देश पर यहां डाली जा रही है। इस पर उन्होंने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष के कहने पर सिल्ट डलवाई जा रही है और बाद में इसके ऊपर मिटी डाली जाएगी। हालांकि, इसके बाद दोनों मौके से चले गए। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नाले की सड़ी-गली गंदगी से उठ रही दुर्गंध के कारण आसपास रहना मुश्किल हो गया है। करीब 40-50 ट्रॉलियां गंदगी यहां डाली जा चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। प्रदर्शन में कॉलोनी के संदीप, रीना, आमिर, श्यामलाल तथा अरशद आदि मौजूद थे।



मौके पर सुखपाल राठी (मंडल अध्यक्ष, भाकियू अराजनैतिक), सोहनबीर (ब्लॉक सचिव, भाकियू अराजनैतिक) और रमेश भी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई बालाजी जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन/झिंझाना।** थानाभवन के रोगनग्रान मोहल्ले में स्थित प्राचीन भगवान श्री जगन्नाथ एवं बाला जी धाम मंदिर में बालाजी जयंती के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का उत्साह देखने को मिला स जहाँ आकर्षक शोभा यात्रा के बाद विशाल भंडारे के आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई। वही झिंझाना में बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में पंचमुखी महादेव शिव मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भजनो के बाद केक काटा गया।

# शराब के नशे में सड़क पर गिरा होमगार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के एक गांव निवासी होमगार्ड ने एक बार फिर अपनी हरकतों से वर्दी की गरिमा पर सवाल खड़े कर दिए। रविवार शाम कस्बे के गंगेरू मार्ग पर शराब के नशे में धुत एक होमगार्ड सड़क पर गिर गया और काफी देर तक वहीं पड़ा रहा। इस दौरान राहगीर और आसपास के लोग उसका वीडियो बनाते रहे। बाद में परिचित मौके पर पहुंचे और उसे ई-रिक्शा में बैठाकर अपने साथ घर ले गए।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी संदीप होमगार्ड के पद पर तैनात है। बताया जाता है कि संदीप का पूर्व में भी कई बार शराब के नशे में झूमते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उस समय विभागीय स्तर पर उसके खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। इसके बावजूद भी वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा है।रविवार शाम एक बार फिर संदीप शराब के नशे में गंगेरू मार्ग पर लड़खड़ाते हुए जा रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर ही गिर पड़ा। काफी देर तक वह वहीं पड़ा रहा। आसपास मौजूद लोग उसे उठाने के बजाय उसका वीडियो बनाते रहे, जिससे मामला चर्चा का विषय बन गया।कुछ देर बाद उसके परिचित मौके पर पहुंचे और उसे ई-रिक्शा में बैठाकर अपने साथ घर ले गए। लोगों का कहना है कि पहले संबंधित होमगार्ड की आदतों में सुधार नहीं आया है।

# हसनपुर लुहारी में लगाया गया रक्तदान शिविर

**थानाभवन।** ब्लॉक के गांव हसनपुर लुहारी में युवा जागरण समिति के तत्वावधान में रविवार को शिव मंदिर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव के युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में जिला चिकित्सालय सहारनपुर की टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। डॉ. रवि प्रकाश, प्रमुख अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सहारनपुर ने बताया कि अस्पताल में थैलेसीमिया और ए-प्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित लगभग 200 बच्चे पंजीकृत हैं, जिन्हें हर महीने 250 यूनिट से अधिक रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में इस प्रकार के रक्तदान शिविर इन बच्चों के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## चौधरी चरण सिंह के अपमान को लकर आर्य जाट महासभा में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में आयोजित आर्य जाट महासभा की बैठक अध्यक्ष सुनील निर्वाल की अध्यक्षता में हुई, जबकि संचालन सचिव दिव्य प्रभाकर ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि किसान नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पर की गई अभद्र टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि आरोपी राम अवतार पलसानिया के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान को विस्तार देने और वार्षिक अलंकरण समारोह आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज के लोगों से महासभा से जुड़ने की अपील की। इसके अलावा समाज में फैली कुरीतियों जैसे नशाखोरी, भ्रूण हत्या, आपसी विवाद और मुकदमेबाजी के खिलाफ अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बाबूराम पंवार, राजकुमार चेयरमैन, डॉ. देवेंद्र पाल राणा, रामपाल सिंह देशवाल, नरेश मलिक, रामपाल सिंह अहलावत, संजीव प्रधान, सतेन्द्र खैवाल, डॉ. ओमपाल सिंह, ओमपाल सिंह निर्वाल, विपिन गोहरनी, अनिरुद्ध मलिक, कंवरपाल सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### दो लाख को लेकर बाप ने बेटे को पीटा

**कैराना।** गांव जहानपुरा निवासी शाहरुख पुत्र कौशर ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता कौशर और भाई आवेस ने उससे करीब दो लाख रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीतने के बाद जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो दोनों उससे रंजिश रखने लगे। आरोप है कि तीन अप्रैल की शाम करीब साढ़े छह बजे शाहरुख गांव की मस्जिद के पास खड़ा था। इसी दौरान उसके पिता कौशर, भाई आवेस और उनके दो अज्ञात साथी वहां पहुंचे और अचानक उस पर हमला बोल दिया। बताया गया कि आवेस ने धारदार हथियार से शाहरुख के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। वहीं पिता कौशर ने लाठी-डंडों से कई वार किए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर घायल युवक को बचाया। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद आरोपी आवेस उसके घर पहुंच गया और उसकी पत्नी को तमंचा दिखाकर डराया-धमकाया तथा उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### महिला पर लाठी-डंडों व रॉड से हमला

**कैराना।** मोहल्ला अफगानान निवासी इमरान पुत्र हमीद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह पेशे से राजमिस्त्री है और काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता है। दो अप्रैल की सुबह करीब 10:30 बजे उसकी पत्नी साबरा अपनी बहन सन्नो के घर गई हुई थी। इसी दौरान सन्नो के पड़ोसी राशिद, उसकी पत्नी रुकसाना और उसका मामा मुकर्रम उर्फ भूरा किसी बात को लेकर गाली-गलौच व झगड़ा कर रहे थे। आरोप है कि जब साबरा ने बीच-बचाव किया तो तीनों ने उस पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सिर व कमर पर गंभीर चोट लगने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने महिला को बचाया, जबकि आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल शामली और बाद में मेरठ रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि तहरीर के आधार पर राशिद, रुकसाना और मुकर्रम उर्फ भूरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### विवाहिता को जहर देने का आरोप

**झिंझाना।** सहारनपुर जनपद के थाना तीतरो क्षेत्र के गांव धानवा निवासी शिक्षा पत्नी राजकुमार ने थाना झिंझाना में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने करीब 18 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री की शादी गांव गुज्जरपुर निवासी युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ साल बाद से ही पति और सास दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता की मां के अनुसार, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती रही, लेकिन आरोपित लगातार मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर विवाहिता के साथ मारपीट की जाती थी। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि करीब दो माह पूर्व विवाहिता को बिजली के तार से करंट देकर मारने का प्रयास किया गया था, लेकिन शोर मचने पर उसकी जान बच गई। आरोप है कि तीन अप्रैल की दोपहर सास और पति ने दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जहर दे दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे करनाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### बाइक की टक्कर से घायल की हुई मौत

**थानाभवन।** 2 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे सुदेश पुत्र भागमल (61) वर्ष अपने गांव लौट रहा था लिए जैसे ही वह हींड पुलिया के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन घायल को तुरंत थानाभवन स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी स्थिति में सुधार न होने पर मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान 11 मार्च 2026 को उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे सोनू ने थानाभवन पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नगर पंचायत की पाइपलाइन मे रिसाव होने से मकान की नींव में भरा पानी

**थानाभवन।** कस्बे के मोहल्ला टंकी चौक में नगर पंचायत की लापरवाही एक बार फिर सामने आ रही है।क़स्बा निवासी रामधन पुत्र पूर्ण सैनी ने आरोप लगाया है कि उनके मकान की नींव में पानी भरने से गंभीर नुकसान की स्थिति बन गई है। पीड़ित के अनुसार पिछले कई दिनों से घर में नमी और पानी निकलने की समस्या लगातार बनी हुई थी जिसे लेकर उन्होंने पहले अपने स्तर पर जांच कराई। रामधन ने बताया कि उन्होंने प्लंबर को बुलाकर घर की सभी टंकियों और पाइपलाइन की जांच कराई लेकिन घर के अंदर कोई खराबी नहीं मिली। इसके बाद पता चला कि नगर पंचायत की पानी सप्लाई करने वाली पाइपलाइन में रिसाव हो रहा है जिससे धीरे-धीरे पानी उनके मकान की नींव में भरता चला गया।पीड़ित का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मकान को गंभीर क्षति पहुंच सकती है और कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन से शीघ्र पाइपलाइन की मरम्मत कराने और समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

### बेनीसन में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शामली।** नगर के मोहल्ला पंसारियान स्थित बेनिसन एकेडमी में कक्षा एक से कक्षा 8 तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल प्रबंधक एआर चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

## मॉडिफाइड साइलेंसरों के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली।तलाशी के दौरान युवक के पास से बुलेट मोटरसाइकिल के 15 मॉडिफाइड साइलेंसर बरामद हुए।पूछताछ में आरोपी की पहचान तालिब पुत्र हनीफ निवासी गांव जहानपुरा, थाना कैराना जनपद शामली के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बरामद साइलेंसरों के संबंध में भी जांच की जा रही है कि इन्हें कहां से लाया गया और कहां सप्लाई किया जाना था।

# यमुना नदी संगम घाट की मांग को श्रद्धालुओं का मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** यमुना सुधार समिति के बैनर तले रविवार को हरियाणा- यूपी सीमा पर स्थित यमुना पुल बॉर्डर के पास यमुना-गंगा संगम घाट बनाने की मांग को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पैदल मार्च निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित महापंचायत में यूपी व हरियाणा के दर्जनों गांवों के लोग, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और अधिवक्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

रविवार की सुबह यह पैदल मार्च हरिद्वार हाईवे पर गांव रामड़ा आर के सामने से शुरू हुआ। श्रद्धालु नारे लगाते हुए हरियाणा-उत्तर प्रदेश सीमा पर बने यमुना पुल को पार कर यूपी की ओर पहुंचे और फिर वापस पुल से होते हुए पानीपत के सनौली थाना क्षेत्र में यमुना पुलिस नाका के पास आकर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान संगम घाट निर्माण की मांग को लेकर श्रद्धालुओं ने जोरदार नारेबाजी की। यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह रावल ने कहा कि हिंदुओं के सबसे बड़े धार्मिक पर्व महाकुंभ के दौरान प्रयागराज स्थित गंगा-यमुना संगम पर करोड़ों श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के शामली जिले के गांव गंदेवड़ा में भी संगम स्थल का स्वरूप उभर रहा है, जहां अमावस्या, पूर्णिमा, गंगा दशहरा और कुंभ जैसे अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं।उन्होंने बताया कि गंदेवड़ा संगम स्थल से गंगा का पानी बरसाती नदी के माध्यम से यमुना पुल तक लाया जा सकता है, क्योंकि सहारनपुर से गंदेवड़ा होते हुए यह बरसाती नदी सीधे यमुना पुल तक आती है। यदि इस मार्ग का उपयोग किया जाए तो बिना भूमि अधिग्रहण के यमुना पुल के पास संगम घाट विकसित किया जा सकता है। रावल ने कहा कि यहां संगम स्थल बनने से हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं को हरिद्वार या प्रयागराज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।इस दौरान पानीपत बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र दूहन ने कई अधिवक्ताओं के साथ पैदल मार्च में भाग लेते हुए संगम घाट निर्माण की मांग का समर्थन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर, एसपी अरोड़ा सीनियर एडवोकेट, संजय त्यागी सरपंच सनौली खुर्द, प्रदीप कश्यप सरपंच रामड़ा आर, नरसिंह रावल सरपंच प्रतिनिधि रिशपुर, गोविंद सरपंच प्रतिनिधि तामशाबाद, दलबीर रंगा सरपंच अधमी, पप्पू रावल पूर्व सरपंच संजौली, सुरेंद्र शर्मा पूर्व सरपंच, विपिन पांचाल सनौली, रामदास एडवोकेट, सुंदर रावल गोयला, धर्मबीर पूर्व चेयरमैन, रोशन छौक्कर एडवोकेट, राहुल खान, जितेंद्र रावल एडवोकेट, राजबीर प्रजापत, मोहन पंडित, आजिम खान एडवोकेट व सुखचैन एडवोकेट सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। 1

# भाजपा के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत नगर के जैन स्थानक में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, बूथ प्रबंधन और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।इसदौरान जिला महामंत्री भूपेंद्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने अनुशासित कार्यकर्ताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत के संकल्प के साथ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। साथ ही सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क बनाए रखने और विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मजबूती से जवाब देने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को आत्मसात करने का आहवान करते हुए कहा कि राजनीति सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति की सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन, मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, मीडिया प्रभारी विनित शर्मा, जिला दीपक गुप्ता, राजीव शर्मा, डॉ. रणवीर, रवि टांक, संजय मित्तल, सोनू चौहान, सतवीर, अनिल बोहरा, सादिक, राजीव कश्यप, रज्जो प्रधान, अशोक चौहान और संदीप सैनी मौजूद रहे।

# बावरिया कॉलोनी में दिखा दंगल का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना/बिडौली।** बावरिया कॉलोनी में जयसिंह स्पोर्ट्स प्रशिक्षण के तत्वावधान में आयोजित भव्य दंगल प्रतियोगिता ने पूरे क्षेत्र में जोश और उत्साह की लहर दौड़ा दी। रविवार को आयोजित इस दंगल में दूर-दूर से पहुंचे नामी और उभरते पहलवानों ने अखाड़े में अपने दमखम, फुर्ती और दांव-पेच का शानदार प्रदर्शन किया। दंगल को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा माहौल रोमांच और ऊर्जा से भर गया। हर मुक. ाबले पर दर्शकों की तालियों और जयकारों ने पहलवानों का हौसला दोगुना कर दिया। प्रतियोगिता का संचालन रेफरी जयसिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने बेहद निष्पक्ष और शानदार तरीके से एक से बढ़कर एक मुकाबले कराए।



सबसे ज्यादा रोमांचक मुकाबला आमवाली के पहलवान सावेज और सिंगरा के पहलवान समुन के बीच देखने को मिला, जिसमें कड़ी टक्कर के बाद समुन ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं पहलवान सुनील और जावेद के बीच हुआ मुकाबला भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें दोनों ने दमदार प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। दंगल के फाइनल मुकाबले में दोनों पहलवानों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। हर दांव पर दर्शकों की सांसें थम गईं और अंत में गूंजती तालियों के बीच विजेता का फैसला हुआ।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों -जयसिंह, दर्शन सिंह, सुखवंत सिंह, रामकुमार, राजकुमार और ओमबीर तोमर द्धप्रधानऋ द्वारा विजेता और उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विशेष बात यह रही कि जयसिंह स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दंगल के साथ-साथ क्रिकेट, खो-खो, हाई जंप और लॉन्ग जंप जैसी अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई गईं।

स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं, बल्कि पारंपरिक खेलों को जीवित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पदम मेम्बर, ठाठ सिंह, दयाराम, मंगल सिंह, मानसिंह,इलियास, सहित कई प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे।

# जनपद में धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

**शाहटाइम्स, टीम**

**शामली** जनपद में महर्षि कश्यप जयंती को लेकर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज के लोग महर्षि कश्यप के आदर्शों को याद कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दे रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को शहर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

अखिल भारतीय श्री महर्षि कश्यप विकास चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज जयंती शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी किरणपाल कश्यप, श्री बजरंग लाल मेहरा जयपुर व




चेयरमैन फतेहगढ़ निर्मल सिंह कश्यप, जम्मू कश्मीर से रमेश डोगरा ने संयुक्त रूप से महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप को सृष्टि का रचियता माना जाता है। कार्यक्रम में आये विभिन्न प्रदेशों के लोगों ने महर्षि कश्यप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों व कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आखिर में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सत्यपाल कश्यप, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, टोनी सिंह कश्यप, विजय कौशिक, सुरेन्द्र कश्यप, डा. राजकुमार कश्यप, गौरव कश्यप, हरबीर कश्यप, चंद्रपाल कश्यप, रघुवीर कश्यप, भारत कश्यप, सोनू कश्यप आदि मौजूद रहे। थानाभवन संवाददाता के अनुसार महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर पर थाना भवन कस्बे में श्रद्धा भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मोहल्ला मुजावरान राजौ की मोरी से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री दयाल आश्रम पर आकर एकत्रित हुई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी। इस दौरान पलटू राम कश्यप,संजय कश्यप, कन्हैया कश्यप संजय शर्मा विपिन, सुरेंद्र, बॉबी अरोरा, देवेंद्र पंडित, जगमालसैनी, अनिल कुमार, शालू राणा मौजूद रहे।चौसाना संवाददाता के अनुसार महर्षि कश्यप और निषादराज जयंती के उपलक्ष्य में कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोगों सहभागिता की। शोभायात्रा में शामिल देव स्वरूपों का स्वागत कस्बे के लोगों ने फूलों की वर्षा करके किया गया। कश्यप समाज उत्थान समिति के बैनर तले रविवार को कस्बे में निकाली गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ आयोजक सलेक चंद द्वारा महर्षि कश्यप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और झंडी दिखाकर किया। समिति के नेतृत्व में शोभायात्रा हनुमान मंदिर पर पहुंची, जहां महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

## बेदखली सूचना

मैं अपने पुत्र शाहरुख व पुत्रवधु श्वेता खान पत्नी शाहरुख को उनके कृत्यों से तंग व परेशान आकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा अपने संबंध समाप्त करता हूं। भविष्य में अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**इरशाद पुत्र शमशेर**
निवासी ग्राम सलेमपुर रोड
ईदगाह रोड कांधला देहात
जिला शामली

# आईपीएल - 12वां मैच, केकेआर को वापसी की तलाश

## कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आज पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 12वें मैच में यहां ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। दोनों टीमें इस मुकाबले में बिल्कुल अलग फॉर्म और आत्मविश्वास के स्तर के साथ उतर रही हैं।

केकेआर जहां वापसी की तलाश में होगी वहीं पंजाब किंग्स जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए इस सीजन की शुरुआत मुश्किल रही हैद्ध उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है और वे अंक तालिका में नीचे खिसक गए हैं। उनकी बैटिंग यूनिट ने अपनी क्षमता की झलक तो दिखाई है, लेकिन उसमें निरंतरता की कमी रही है। उम्मीद है कि कप्तान अजिक्य रहाणे टॉप ऑर्डर को स्थिरता प्रदान करेंगे। युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी अब तक टीम के लिए एक सकारात्मक पहलू रहे हैं, जबकि फिन एलन पावरप्ले में आक्रामक तेवर दिखाते हैं। मिडिल ऑर्डर, जिसमें कैमरन ग्रीन, रिकू सिंह और रमनदीप सिंह शामिल हैं, को एक मजबूत विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े और असरदार योगदान में बदलने की जरूरत होगी। केकेआर की गेंदबाजी आक्रमण को नियंत्रण बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा है, और वरुण चक्रवर्ती को अभी तक मिडिल ओवर्स में अपनी लय नहीं मिल





पाई है। वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और ब्लेसिग मुजारबानी जैसे तेज गेंदबाज शुरुआती सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि सुनील नारायण और अनुकूल रॉय जैसे ऑलराउंडर टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। मनीष पांडे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम की बेंच स्ट्रेंथ और भी मजबूत हो जाती है। इसके विपरीत, पंजाब किंग्स ने लगातार जीत के साथ इस सीजन की जोरदार शुरुआत की है और टीम के सभी विभाग काफी संतुलित नजर आ रहे हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर अच्छी फॉर्म में हैं और केकेआर के खिलांफ उनका रिकॉर्ड भी काफी शानदार रहा है, जिससे वह टीम की बैटिंग लाइनअप के एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। ओपनर्स प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली ने टीम को ठोस शुरुआत दी है, जबकि मिडिल ऑर्डर में नेहल वढेरा, शशांक सिंह और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी टीम को गहराई और आक्रामक क्षमता प्रदान करते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी भी काफी असरदार रहा है, जिसकी अगुवाई युजवेंद्र चहल कर रहे हैं। मिडिल ओवर्स में विकेट लेने की उनकी क्षमता टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, विजयकुमार वैशाक और ऑलराउंडर मार्को जानसेन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो टीम के गेंदबाजी में विविधता और नियंत्रण दोनों लाते हैं। प्रियांश आर्य जैसे 'इम्पैक्ट प्लेयर्स' टीम की बेंच स्ट्रेंथ को और भी मजबूत बनाते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित होगी। इस मैदान पर हाल के मैचों के रुझानों को देखते हुए, इस मैच में भी बड़े स्कोर बनने की पूरी संभावना है। रोशनी के नीचे ओस के कारण टीमों को पीछा करने में मदद मिल सकती है, जिससे टॉस एक महत्वपूर्ण कारक बन जाएगा, क्योंकि टीमें संभवतघ् पहले गेंदबा. जी करना पसंद करेंगी। कुल मिलाकर, प्रतियोगिता एक स्पष्ट विरोधाभास प्रस्तुत करती है: कोलकाता नाइट राइडर्स स्थिरता और सीजन की पहली जीत की तलाश में है, जबकि पंजाब किंग्स का लक्ष्य जीत की लय को आगे बढ़ाना और तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करना है।

## मुश्किल दौर के बाद अपनी लैंथ पर बहुत काम किया: रवि बिश्नाई

**अहमदाबाद।** राजस्थान रायल्स (आरआर) गेंदबाज रवि बिश्नोई ने कहा कि 2025 के मुश्किल दौर के बाद मैंने अपनी लेंथ , फिजिकल, तकनीकी और मानसिक पहलुओं पर बहुत काम किया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ शनिवार रात जीत के बाद बिश्नोई ने प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब लेने के बाद कहा कि पिछला सीजन मुश्किल था।

लेकिन मैंने अपने प्रोसेस पर भरोसा रखा। मेरी एक कमजोरी थी कि अगर मेरी लेंथ ग़लत होती थी तो मुझे चौके और छक्के पड़ते थे। मैं उसी पर काम कर रहा था। मैंने पूरा घरेलू सीजन खेला और अपनी लेंथ को बेहतर किया। सही लेंथ पर गेंद डालने से बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है। आज भी जब गेंद ज्यादा फुल हुई तो मुझे मार पड़ी। मानसिक, तकनीकी और फिजिकल, मैंने तीनों पहलुओं पर काम किया है। ऑफ सीजन में और मैचों के बीच भी मैंने फिटनेस पर बहुत मेहनत की है, कल मैच में बिश्नोई ने 11वें ओवर में साई सुदर्शन को आउट किया। फिर 13वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स और वॉशिंगटन सुंदर को पवेलियन भेजा। 15वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया का विकेट लेकर स्पेल पूरा किया। फिलिप्स को छोड़कर उनके बाकी सभी शिकार बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। ग्राउंड के एक तरफ बाउंड्री बड़ी थी और उनके पास कई बाएं हाथ के बल्लेबाज थे, इसलिए मैं मिडल और लेग से गुगली डालने की कोशिश कर रहा था, जिससे उनके लिए लेग साइड की बड़ी बाउंड्री पार करना मुश्किल हो।

# मोहम्मद शमी की आंधी में उड़ा हैदराबाद

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के साथ ही अब इस सीजन में 7 टीमों ने अपना खाता खोल लिया है। लखनऊ की 2 मैच में ये पहली जीत है, जबकि सनराइजर्स की 3 मैच में दूसरी हार है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी आईपीएल 2026 में अपना खाता खोल ही लिया है।

ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने सीजन के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को करीबी मुकाबले में 5 विकेट से हराया और पहली जीत दर्ज की। अपने घर में छोटे स्कोर वाले मुक. ाबले में हारने के बाद लखनऊ ने हैदराबाद को उसके घर में शिकस्त दी। स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के घातक स्पैल के दम पर सनराइजर्स को 156 रन पर रोकने के बाद लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत के जुझारू अर्धशतक के दम पर आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद के



ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने सीजन के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को उसके घर में करीबी मुकाबले में 5 विकेट से हराया और पहली जीत दर्ज की, पंत ने आईपीएल सीजन में अपना पहला अर्धशतक भी लगाया

राजीव गांधी स्टेडियम में रविवार 5 अप्रैल को 'डबल हेडर' के पहले मैच में लखनऊ ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ये जीत दर्ज की। पहले मैच की ही तरह लखनऊ के तेज गेंदबाजों ने एक बार फिर शुरुआती ओवर्स में ही बैटिंग टीम को बैकफुट पर धकेल दिया था। मोहम्मद शमी इस बार भी लखनऊ के बालिंग अटैक की जान रहे, जिन्होंने सिर्फ 7 गेंदों के अंदर ही हैदराबाद के दोनों विस्फोटक ओपनर, अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड, को पवेलियन लौटा दिया था। शमी ने लगातार 4 ओवर डाले और सिर्फ 9 रन देकर 2 विकेट लिए। शमी के अलावा युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव (2/34) और स्पिनर मणिमारन सिद्धार्थ (1/29) ने भी हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग को खुलने का मौका नहीं दिया, जिसके चलते टीम ने सिर्फ 26 रन तक 4 विकेट गंवा दिए थे। हालत ये थी कि शुरुआती 10 ओवर में ैत्भ् के स्कोर में सिर्फ 35 रन ही जुड़े थे, मगर ऐसे वक्त में हेनरिख क्लासन (62) और नीतीश कुमार रेड्डी (56) ने पारी को संभाला और काउंटर अटैक किया। दोनों ने बेहतरीन अर्धशतक जमाते हुए 116 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। मगर आखिरी 2 ओवर में हैदराबाद सिर्फ 12 रन बना सकी और 4 विकेट गंवा दिए, जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श और एडन मार्करम की ओपनिंग जोड़ी की वापसी हुई और दोनों ने तेज शुरुआत दिलाई। हालांकि मार्श जल्दी आउट हो गए लेकिन मार्करम (45) ने हमला जारी रखा और कप्तान पंत के साथ 40 रन की पार्टनरशिप की। मगर यहीं पर अचानक 2-3 विकेट गिर गए और जल्द ही स्कोर 105/4 हो गया। इस वक्त तक पंत खुलकर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और अब्दुल समद के साथ मिलकर कुछ बाउंड्री बटोरकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इस दौरान पंत ने सीजन में अपना पहला अर्धशतक भी लगाया। आखिरी ओवर में लखनऊ को 9 रन की जरूरत थी और लखनऊ के कप्तान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिलाई। पंत 50 गेंदों में 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस तरह लखनऊ इस सीजन में जीत दर्ज करने वाली 7वीं टीम बन गई।

## 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने विभिन्न गेम जोन में भाग लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' के 68वें संस्करण में नियमित पांच किमी साइकिलिंग राइड के अलावा, विश्व स्वास्थ्य दिवस से दो दिन पहले, 800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न फिटनेस जोन में हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में शामिल हुए। आज यहां यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिग पूल कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में कई एक्टिविटी जोन में बैडमिटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, रस्साकशी, योग, स्किपिग चुनौतियां, और यहां तक कि कैरम, लूडो और सांप-सीढ़ी जैसे पुराने जमाने के इनडोर खेल भी शामिल थे।



आयुष मंत्रालय की 'योग 365' पहल के तहत एक विशेष योग परामर्श बूथ बनाया गया था, जहां प्रतिभागियों ने निर्देशित सत्रों और परामर्शों के माध्यम से तनाव कम कियाए वहीं, दिमागी कसरत के लिए 'स्मार्ट वॉल फिटनेस चैलेंज' और 'डाट्र्स स्टेशन' ने सभी आयु वर्ग के लोगों को खूब आकर्षित किया। दिल्ली की स्थानीय निवासी रितु शर्मा ने कहा कि मैं यहां सिर्फ साइकिल चलाने आई थी, लेकिन यह एक पूरे फिटनेस उत्सव जैसा लग रहा है। मेरे बच्चे बैडमिटन और टेबल टेनिस खेल रहे हैं, जबकि मैं योग कर रही हूं। यहां हर किसी के लिए कोई न कोई एक्टिविटी मौजूद है। इस आयोजन की सबसे खास बात थी भारत के स्वास्थ्य सेवा समुदाय की जबरदस्त भागीदारी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में हाथ मिलाया। ईएसआईसी सामाजिक सुरक्षा जैसे साझेदारों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा और फिटनेस का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जिसने इस संदेश को और मजबूत किया कि बीमारियों से बचाव और सक्रिय जीवनशैली, दोनों पूरक हैं। डॉक्टर और नर्स को अक्सर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे आगे देखा जाता है।

## मैड्रिड में निकी का जलवा



**मैड्रिड (स्पेन)।** भारत के निकी कालियंडा पूनाचा और उनके जोड़ी थाईलैंड के प्रुच्य इसारो ने ओपन मेनोर्का 2026 टेनिस टूर्नामेंट में युगल का खिताब जीत लिया। क्ले कोर्ट पर खेले गए एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पूनाचा और इसारो की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी भारत के सिद्धांत बंथिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी से एक घंटे 20 मिनट में 6-3, से हरा दिया। पूनाचा और उनके थाई पार्टनर ने पहले सेट को जीतने के लिए पांचवें और नौवें गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़ी। जीत की लय को बरकरार रखते हुए, निकी कालियंडा पूनाचा और प्रुच्य इसारो ने अगले सेट के दूसरे गेम में भी बंथिया और डोंस्की की सर्विस तोड़ी, लेकिन अगले ही गेम में उन्हें तुरंत वापसी का मौका मिल गया।

## करनदीप कोचर इंटरनेशनल सीरीज में पांचवें स्थान पर रहे

**चिबा.जापान।** भारत के करनदीप कोचर ने रोमांचक चौथे राउंड में बर्डी की हैट्रिक लगाकर 2 मिलियन डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज जापान में पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस स्मिथ ने रविवार को कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में आखिरी होल पर ईगल लगाकर खिताब जीता।

उथल-पुथल भरे तीसरे राउंड के बाद कोचर आखिरी दिन बोगी-फ्री रहे और उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर टूर्नामेंट को 12-अंडर 272 के साथ खत्म किया, जो विजेता स्मिथ से तीन शॉट पीछे थे। इस बीच, स्मिथ का ड्रीम रन तब जारी रहा जब उन्होंने पार-फाइव 18वें होल पर ईगल पट लगाकर टूर्नामेंट को एक शॉट से शानदार तरीके से जीत लिया। टोक्यो के पास कैलेडोनियन



गोल्फ क्लब में एक शानदार फिनिश में, स्मिथ 20-फुटर शॉट मारकर थाईलैंड के पावित तांगकामोलप्रासर्ट और जापान के रयोसुके किनोशिता के साथ प्ले-ऑफ से बाल-बाल बच गए। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के शानदार आखिरी पट में उन्होंने सात-अंडर- पार 64 का स्कोर किया और 15-अंडर पर पहुंच गए, जबकि पावित और किनोशिता दोनों क्लब हाउस में 14-अंडर पर थे। पावित और किनोशिता ने पहले ही टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशघ् 62 और 63 के शानदार राउंड शूट किए थे, और बहुत पीछे से आगे आए थे। पावित आखिरी ग्रुप से 10वें और किनोशिता छठे स्थान पर थे। कोरिया के होंगटेक किम और जापान के शुगो इमाहिरा ने दिन की शुरुआत लीड शेयर करते हुए की थी, लेकिन वे तय हो रही तेज रफ्तार के साथ तालमेल नहीं बिठा पाए। किम ने 69 का स्कोर करके बराबरी पर पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि इमाहिरा ने 70 का स्कोर करके बराबरी पर सातवां स्थान हासिल किया। इवेंट द इंटरनेशनल सीरीज पर सीजन का ओपनिंग इवेंट है, और यह स्मिथ की सीरीज में पहली सफलता है - एशियन टूर पर इवेंट्स का अपर-टियर लेवल जो द इंटरनेशनल सीरीज रैंकिंग्स के जरिए लिव गोल्फ लीग का रास्ता दिखाता है।

# बीसीबी के तीन डायरेक्टर्स ने एक ही दिन में इस्तीफा देकर चौंकाया

**फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को निर्णय के बारे की जानकारी दी जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद कदम उठाया**

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के तीन डायरेक्टर फैजुर रहमान, शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने लंबी चली बैठक के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

शनिवार को ढाका में हुई लंबी बोर्ड बैठक के बाद कुछ ही घंटों में बीसीबी के तीन डायरेक्टरों ने इस्तीफी दे दिया। फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को अपने निर्णय के बारे की जानकारी दी, जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद यही कदम उठाया। इस तरह बीसीबी चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले डायरेक्टरों की संख्या छह हो गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बैठक में ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से फैजुर, तनीम और चौधरी ने यह फैसला लिया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने की, जबकि अस्वस्थ होने के कारण उपाध्यक्ष फारूक अहमद ऑनलाइन जुड़े। बैठक के बाद नए मीडिया चेयरमैन मोहम्मद मुखसेदुल कमाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें फैजुर के पद छोड़ने की जानकारी मीडिया से मिली। अन्य दो डायरेक्टरों ने संवाददाता सम्मेलन के बाद इस्तीफा दिया। कमाल ने कहा, ष्हमने बोर्ड में इस पर चर्चा नहीं की। जिन्होंने इस्तीफा दिया, उन्होंने निजी कारण बताए हैं। यह उनका व्यक्तिगत फ़ैसला है। जिनका आप जिक्र कर रहे हैं द्धफैजुरऋ, वे बैठक में हमारे साथ मौजूद थे। हमें बैठक के बाद उनके इस्तीफे की खबर मिली।ष फैजुर क्रिकेट कमेटी ऑफ ढाका मेट्रोपोलिस के उपाध्यक्ष थे। हाल ही में उन्होंने बीसीबी की लीग्स को सही तरीके से चलाने में कमी पर खुलकर सवाल उठा चुके थे।

सरकार फिलहाल पिछले साल अक्तूबर में हुए बीसीबी चुनावों की जांच कर रही है, और इस पर बनी समिति अगले हफ्ते अपनी रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप सकती है। खेल मंत्री अमीनुल हक़ ने यह भी कहा है कि वह यह जांच करवाना चाहते हैं कि बंगलादेश इस साल भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप में क्यों हिस्सा नहीं ले सका। पिछले हफ्ते संसद सत्र में उन्होंने बीसीबी में राजनीतिक पक्षपात के आरोपों की भी जांच कराने की बात कही।

## बोर्ड के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संवैधानिक संशोधन जरूरी: जांच समिति

**ढाका।** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी)के 2025 के चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए बनाई गई पांच-सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एकेएम असदुज्जमां ने रविवार को कहा कि उन्होंने बोर्ड के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए संवैधानिक संशोधन की सिफारिश की है।

यहां रिपोर्ट जमा करने के बाद एनएससी परिसर में पत्रकारों से बातचीत में असदुज्जमां ने कहा, ष्जैसा कि आप जानते हैं, हम आज यहां इसलिए आए हैं क्योंकि हमें एक जांच का काम सौंपा गया था। हमने अपनी जांच पूरी कर ली




है और आज रिपोर्ट जमा करने आए हैं। हमने इसे आधिकारिक तौर पर सौंप दिया है।ष उन्होंने कहा, ष्हमने पूरी प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह से निष्पक्ष रहने का प्रयास किया। हमने उन सभी लोगों से पूछताछ की, जिनका हमें इसमें कोई भी हाथ लगा। हमें जो भी पता चला, उसके आधार पर हमने बिना किसी बेबुनियाद आरोप के, एक संक्षिप्त और निष्पक्ष रिपोर्ट तैयार की है। हमने चुनाव से जुड़ी अपनी टिप्पणियों को ठीक वैसे ही बताया है, जैसा हमने उन्हें पाया। जब आप रिपोर्ट देखेंगे, तो आपको सारी बातें समझ आ जाएंगीद्ध हमने किसी खास व्यक्ति को निशाना नहीं बनाया है, बल्कि चुनाव प्रक्रिया पर अपनी निष्पक्ष टिप्पणियां और सुझाव दिए हैं।ष उन्होंने कहा कि अभी इस द्धरिपोर्टऋ पर टिप्पणी करना मेरे लिए सही नहीं होगा। हमने रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी है। वे इसकी समीक्षा करेंगे और जरूरी जानक. ारी सार्वजनिक करेंगे। मैं फिर से इस बात पर जोर देना चाहूंगा: हम कोई अदालत नहीं हैं। हम वहां किसी पर आरोप लगाने या धारा 432 जैसी आपराधिक सुनवाई की प्रक्रिया का पालन करने के लिए नहीं गए थे। यह हमारा काम नहीं था। हमने यह जांच करने के लिए एक पड़ताल की कि क्या कानूनी प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन किया गया था। हमने किसी पर भी 'आरोप' नहीं लगाया। हमने व्यवस्था के बारे में बताया कि क्या हुआ और क्या नहीं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 6 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# खतरनाक मोड़

अमेरिका–इस्राईल और ईरान संघर्ष अब सैन्य ठिकानों से आगे बढ़कर ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हमलों तक पहुंच गया है। पुल, रिफाइनरी और गैस सुविधाओं को निशाना बनाने से वैश्विक तेल सप्लाई प्रभावित हुई है। होर्मुज स्ट्रेट संकट से तेल कीमतें बढ़ने और वैश्विक महंगाई – मंदी का खतरा बढ़ गया है, जबकि शांति प्रयास जारी हैं। अमे. रिका–इस्राईल और ईरान जंग सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से इतर अब पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं को तबाह करने की तरफ मुड़ गई है। बीते 24 घंटे में दोनों पक्षों ने पुल, रिफाइनरी और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले किए हैं। यह दुनिया के लिए बहुत बुरी खबर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों दावा किया कि उनकी ईरान की नई रेजीम के साथ अच्छी बात चल रही है। फिर देश के नाम संबोधन में उन्होंने ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी दी और अब शांति के प्रयासों से हटकर बात तबाही पर आ गई है। अमेरिका ने तेहरान के पास एक पुल पर बम गिराया, तो ईरान ने कुवैत और यूएई में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निशाना साधा। धमकी दी है कि वह पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी असेट्स को बर्बाद कर देगा, लेकिन इसमें नुकसान पूरी दुनिया का है। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरानी नाकाबंदी की वजह से पहले ही लगभग 20 प्रतिशत ग्लोबल ऑयल सप्लाई कम हो गई है। माना जा रहा है कि अगर जंग रुकती है, तो सप्लाई को फिर से सामान्य करने में कुछ महीने लग सकते हैं, लेकिन अगर एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले हुए, तो उससे उबरने में कई साल लग जाएंगे। कुवैत, कतर और सऊदी अरब की ऑयल–गैस फैसिलिटीज और ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड को पहले ही इस युद्ध में काफी नुकसान पहुंचा है। कतर के ऊर्जा मंत्री शेरिडा अल–काबी ने तो पिछले महीने कहा था कि उनके देश की निर्यात क्षमता 17 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अभी देशों के पास अपना स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी की अपील पर सदस्य देशों ने भी ऑयल रिजर्व रिलीज करने पर हामी भरी है। वहीं भारत ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के दबाव से बचाने के लिए बीते दिनों एक्साइज ड्यूटी में कटौती की, लेकिन अगर हमले जारी रहते हैं, तो सारे इमरजेंसी इंतजाम भी नाकाफी साबित होंगे। इस बीच, क्रूड ऑयल के 200 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के अनुमान भी लगाए जा रहे हैं। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तेल से जुड़ी है और उस तेल से कई देशों की अर्थव्यवस्था जुड़ती है। इसमें गड़बड़ी से मंदी और महंगाई की दोहरी मार पड़ेगी, जिसका असर भी दिखने लगा है। होर्मुज को खुलवाने के लिए कई देश मिलकर प्रयास कर रहे हैं। यह तो जरूरी है ही, जल्द ही यह युद्ध भी रुकना चाहिए।

## सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती



पहले जनगणना कराई जाए, फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए, जब गिनती ही गलत होगी, तो आरक्षण कैसे सही होगा, अगर किसी काम को करने की सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती है, महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है, आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 (एक तिहाई) है, तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं, इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है, जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे, तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी। **–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# युद्ध अपराधी हैं डोनाल्ड ट्रम्प व नेतन्याहू





तनवीर जाफरी

अमेरिका व इस्राईल द्वारा संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर थोपे गए बलात युद्ध को पांच सप्ताह बीत चुके हैं। पूरी दुनिया में अपनी फजीहत होती देख राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अब खिसियाहट में ईरान के आधारभूत ढांचों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अमेरिका ने पिछले दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और कराज को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे राजधानी के सबसे ऊंचे सस्पेंशन ब्रिज को ध्वस्त कर दिया। लगभग 1 किलोमीटर से अधिक लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस निर्माणाधीन हाईराइज ब्रिज पर पिछले दिनों अमेरिका और इजराइल ने मिलकर दो बार एयरस्ट्राइक की। इन हवाई हमलों के परिणामस्वरूप पुल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस पुल के ढहते हुए वीडियो शेयर कर ईरान को धमकी देते हुए लिखा कि डील कर लो, वरना बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने लिखा कि अगर ईरान ने अपना रुखघ नहीं बदला तो उस देश में कुछ भी नहीं बचेगा जो कभी महान देश बन सकता था। ट्रंप ने इस हमले को अमेरिकी सेना की ताकत का छोटा नमूना बताया और यह संकेत दिया कि अगर ईरान डील से मना करता है तो देश के पावर प्लांट, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क आदि अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर भी अगले निशाने हो सकते हैं।

इसी अमेरिका ने युद्ध की शुरुआत में 28 फरवरी को ही ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैय्एबह बालिका प्राथमिक स्कूल की ईमारत पर टॉमहॉक मिसाइल मिसाइल से हमला कर लगभग 175 लोगों को शहीद कर दिया था इनमें अधिक. ांश स्कूल की बच्चियां शामिल थीं। स्कूल के पास ही दवाखाना व अन्य नागरिक सुविधाएं भी थीं। इसी हमले के चलते न केवल ईरान ने अमेरिका को युद्ध अपराध का दोषी ठहरा दिया था बल्कि दुनिया भर में भी इसे युद्ध अपराध करार दिया गया। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मूल सिद्धांतों के तहत जिनेवा कन्वेंशन्स 1949 व इसके एडिशनल प्रोटोकॉल्स 1977 के अंतर्गत युद्ध में रिहाइशी इलाकों,स्कूलों, अस्पताल, पानी की व्यवस्था संबंधित प्लांट्स, बिजली ग्रिड,पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमले सामान्यत: नहीं किए जा सकते। यह युद्ध अपराध माने जाते हैं। युद्ध में लड़ाई के दौरान सैनिकों, सैन्य लक्ष्यों और नागरिकों व नागरिक सुविधा संबंधी वस्तुओं के बीच स्पष्ट अंतर करना जरूरी है, परन्तु अमेरिका तो क्या उसकी शह व संरक्षण में युद्धरत इस्राइल को भी न तो मानवीय कानून की फिक्र है न ही जिनेवा कन्वेंशन्स में निर्धारित युद्ध के सिद्धांतों की। इसीलिए अपनी अपार शक्ति व सर्वोच्चता के नशे में चूर अमेरिका व उसके पिछलग्गू इस्राईल द्वारा हर संभव युद्ध अपराध किया जा रहा है।

गजा में तो नेतन्याहू के नेतृत्व में इस्राईल ने दरिन्दिगी का वह इतिहास रचा है जिसने युद्ध अपराध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। सरकारी आंकड़े बताते है कि 7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्राईली सेना द्वारा 72,265 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहां तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुए युद्धविराम के बाद भी इस्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है। हालांकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज्यादा बता रहे हैं। स्वयं इस्राइली सेना ने जनवरी 2026 में 70,000 मौतों का आंकड़ा स्वीकार किया था। कुल लगभग 22–23 लाख की आबादी वाले इस इलाके में 19 लाख से ज्यादा लोग एक या कई बार विस्थापित हुए हैं। नतीजतन आज भी 17 लाख से ज्यादा लोग अस्थाई विस्थापन कैंप्स में रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के घर–मकान नष्ट हो चुके हैं जिसके चलते लोग बेघर हैं। नेतन्याहू के इशारों पर यह हत्याएं घने रिहायशी इलाकों, स्कूल्स, बाजार, अस्पताल, स्कूल यहां तक कि शरणार्थी कैम्पस में और भूख की तपिश से जूझ रहे खाद्य सामग्री लेने की लाइन में लगे असहाय लोगों पर बम व गोले बरसा कर उनकी जान लेकर की गई हैं। यही वजह है कि नेतन्याहू पर अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध वारंट जारी किया हुआ है। नेतन्याहू पर भुखमरी को युद्ध का हथियार बनाना, जानबूझकर नागरिक आबादी पर हमला निर्देशित करना,मानवता के खिलाफ अपराध, हत्या, उत्पीड़न व अन्य अमानवीय कृत्य जैसे युद्ध अपराध शामिल हैं। आज भी नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के भगौड़े अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं परन्तु युद्ध अपराधी भगौड़ा नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता। उल्टे इसे यहूदी–विरोधी तथा राजनीतिक साजिश बताकर अपने युद्ध अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश करता है। इसी युद्ध अपराधी नेतन्याहू के जाल में फंसकर राष्ट्रपति ट्रंप भी युद्ध अपराध करते जा रहे हैं। ईरान को श्पाषाण युगश में पहुंचाने की उनकी धमकी इस बात का सुबूत है कि ऐसे मानसिक रोगी राजनीतिज्ञ की जगह जेल में होनी चाहिए। दुनिया को यह सोचना पड़ेगा कि आखिर क्या वजह है कि उनके सलाहकारों से लेकर सैन्य विभाग के अनेक बड़े अधिकारी तक इस अवैध युद्ध का विरोध करते हुए क्योंकर इस सनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के बजाए अपने इस्तीफे दे रहे हैं। नाटो सहित उसके कई सहयोगी देश खुलकर ट्रंप के ईरान में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध कर रहे हैं और आज ईरान की ताकत व उसकी रक्षात्मक व आक्रामक शक्ति का अंदाजा किए बिना ईरान पर हमला बोल देने और परणामस्वरूप अमेरिका द्वारा ऐतिहासिक क्षति का सामना करने से अमेरिका के महाशक्ति होने का जो भरम टूटा है उसका जिम्मेदार भी ट्रंप ही है। और इसी सन्दर्भ में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची को यह कहना पड़ा है कि –अधूरे बने पुलों समेत इंफ्रास्टक्चर पर हो रहे हमले ईरानियों को सरेंडर करने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। यह केवल अव्यवस्था में फंसे दुश्मन की हार और उस के नैतिक पतन को दिखाता है। साथ ही अरागची ने यह भी कहा कि हर पुल और ईमारत को पहले से ज्यादा मजबूती के साथ बनाया जाएगा परन्तु जिसकी कभी भरपाई नहीं हो पाएगी वह है अमेरिकी साख को हुआ नुकसान।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी अमेरिकियों के नाम एक खुला पत्र लिखकर कहा है कि वे युद्ध के प्रोपेगैंडा के धुंध से बाहर देखें और मनगढ़ंत खतरे को नकारें। राष्ट्रपति पेजे. श्कियन ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका सचमुच अमेरिका फर्स्ट को आगे रख रहा है या फिर वह केवल इजरायल के लिए एक प्रॉक्सी के तौर पर काम कर रहा है? पेजेश्कियन ने आगे कहा कि ईरानियों के मन में अमेरिका, यूरोप या किसी भी पड़ोसी देश के प्रति कोई दुश्मनी नहीं है, परन्तु सच्चाई तो यही है कि युद्ध अपराधी भगौड़े नेतन्याहू के चक्रव्यूह में उलझकर ट्रंप ने भी युद्ध अपराध को हीअंजाम दिया है। गोया डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू दोनों ही युद्ध अपराधी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बोर्ड परीक्षा पूरी कहानी नहीं, जीवन का एक अध्याय

**हर बच्चा डॉक्टर, इंजी. नियर या सरकारी अधिकारी बनने के लिए नहीं बना होता। कोई चित्रकला में अच्छा होता है, कोई खेल में, कोई लेखन में, तो कोई तकनीक या व्यवसाय में। यदि बच्चा किसी अलग क्षेत्रा में रूचि दिखाता है, तो उसे कमजोरी नहीं, संभावना समझें। आवश्यकता हो तो करियर काउंसलर, शिक्षक या अनुभवी व्यक्ति की सहायता लें। कई लोग स्कूल या बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, लेकिन बाद में अपनी लगन और कौशल के बल पर बड़ी सफलता तक पहुंचे।**



कृति आरके जैन

बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने वाले हैं। तारीख करीब आते ही हजारों घरों में बेचैनी बढ़ने लगती है। कहीं विद्यार्थी देर रात तक जागकर अपने अनुमान लगा रहा है, तो कहीं माता–पिता चुपचाप उसके चेहरे की चिंता पढ़ रहे हैं। किसी को अच्छे अंकों की उम्मीद है, किसी को डर कि मेहनत के बाद भी परिणाम मनचाहा न आए। परिणाम के दिन मोबाइल की घंटी, वेबसाइट का खुलना, रोल नंबर डालती कांपती उंगलियांकृसब उस पल को और भारी कर देते हैं। और जब स्क्रीन पर अंक उम्मीद से कम दिखें या असफलता सामने खड़ी मिले, तो लगता है मानो सब समाप्त हो गया। विद्यार्थी को भविष्य अंधेरा दिखने लगता है, अभिभावक चिंता और अपराधबोध से भर उठते हैं। लेकिन इसी क्षण सबसे जरूरी है यह याद रखना कि यह केवल एक परीक्षा है, पूरा जीवन नहीं। एक परिणाम आपके व्यक्तित्व, क्षमता और भविष्य का अंतिम निर्णय नहीं हो सकता। सबसे पहले विद्यार्थी और अभिभावक, दोनों को अपनी भावनाएं दबाने के बजाय उन्हें स्वीकार करना चाहिए। निराशा, दुख, गुस्सा, आंसू या चुप्पीकृए सब स्वाभाविक हैं। विद्यार्थी यदि रोना चाहता है, तो उसे रो लेने देंय यदि कुछ देर अकेला रहना चाहता है, तो उसे समय दें। उसी तरह अभिभावक भी अपनी चिंता छिपाने के लिए कठोर न बनें। इस समय सबसे बड़ी जरूरत साथ की होती है। बच्चे के पास बैठकर केवल इतना कहना हम तुम्हारे साथ हैं, यह अंत नहीं है उसके टूटे मन को संभाल सकता है। कई बार लंबे भाषण नहीं, बल्कि एक शांत स्पर्श, एक गले लगाना और बिना निर्णय उसकी बात सुन लेना सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। अभिभावकों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि वे तुलना और तानों से पूरी तरह बचें। हफलां के इतने अंक आए, तुम्हारे क्यों नहीं? या इतना खर्च किया, फिर भी क्या हुआ? जैसे वाक्य बच्चे के मन पर गहरे घाव छोड़ते हैं। असफलता के बाद विद्यार्थी पहले ही अपराधबोध और शर्म से भरा होता है। यदि घर में भी उसे केवल आलोचना मिले, तो उसका आत्मविश्वास और टूट जाता है। इस समय बच्चे को यह महसूस होना चाहिए कि उसका महत्व केवल अंकों से नहीं है। वह एक इंसान है, जिसके भीतर योग्यताएं, भावनाएं, रुचियां और सपने हैं। घर का वातावरण शांत, भरोसे से भरा और सकारात्मक रखना ही इस कठिन समय में अभिभावक का सबसे बड़ा कर्तव्य है। विद्यार्थियों को यह समझना होगा कि असफलता का अर्थ अयोग्यता नहीं होता। कई बार कम अंकों के पीछे अनेक कारण होते हैं तनाव, समय प्रबंधन की कमी, सही रणनीति का अभाव, स्वास्थ्य की समस्या या किसी विषय में कमजोरी। इसलिए स्वयं को मैं किसी काम का नहीं कहकर दोषी ठहराने के बजाय अपनी तैयारी का ईमानदारी से विश्लेषण करें। सोचें, कमी कहां रह गई और अगली बार क्या बदला जा सकता है। यदि कोई विषय कठिन लगा, तो उसका अधिक अभ्यास करें। यदि समय कम पड़ा, तो समय बांटने की आदत डालें। यदि तनाव ने असर डाला, तो पढ़ाई के साथ विश्राम, व्यायाम और ध्यान को भी जीवन का हिस्सा बनाइए। हर गलती अगली सफलता का रास्ता दिखाती है। असफल परिणाम के बाद आगे बढ़ने के अनेक रास्ते होते हैं। यदि किसी विषय में कम अंक आए हैं, तो कंपार्टमेंट या सुधार परीक्षा दी जा सकती है। यदि पूरी परीक्षा में सफलता नहीं मिली, तो अगले वर्ष बेहतर तैयारी के साथ फिर प्रयास किया जा सकता है। आज शिक्षा की दुनिया पहले से कहीं अधिक खुली है। केवल एक धारा या एक करियर ही जीवन का अंतिम रास्ता नहीं है। विज्ञान, वाणिज्य और कला के अलावा भी अनेक विकल्प हैं डिजिटल मार्केटिंग, डिजाइन, होटल प्रबंधन, एनीमेशन, खेल, संगीत, कंप्यूटर, फोटोग्राफी, फैशन, आईटीआई, डिप्लोमा, उद्यमिता और कई कौशल आधारित क्षेत्र। कई बार एक असफलता हमें उसी दिशा में मोड़ देती है, जहां हमारी वास्तविक प्रतिभा छिपी होती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे इस समय बच्चे की रुचियों को समझने की कोशिश करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राघव चड्ढा विवाद : लोकतांत्रिक प्रक्रिया या आंतरिक अनुशासन





विनीत नारायण

हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) के राजसभा सांसद राघव चड्ढा और पार्टी नेतृत्व के बीच खुला विवाद सामने आया। 2 अप्रैल को पार्टी ने राजसभा सचिवालय को पत्र लिखकर चड्ढा को पार्टी के उपनेता पद से हटाने और उनकी जगह पंजाब के सांसद अशोक मित्तल को नियुक्त करने की सूचना दी। साथ ही, पार्टी ने अनुरोध किया कि चड्ढा को पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए। अगले दिन चड्ढा ने 'साइलेंस्ड, नॉट डिफीटेड' शीर्षक से एक वीडियो जारी कर जवाब दिया। उन्होंने दावा किया कि वे हमेशा आम आदमी के मुद्दे उठाते रहे, लेकिन पार्टी उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। यह घटना पार्टी के आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक रूप से उजागर करती है और सवाल उठाती है कि क्या यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया है या सख्त अनुशासन का मामला। राघव चड्ढा अरविंद केजरीवाल के करीबी माने जाते थे, लेकिन पिछले एक साल से रिश्तों में दरार दिखने लगी थी। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान चड्ढा विदेश में आंखों की सर्जरी करा रहे थे और पार्टी के कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहे। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को हालिया छूट मिलने पर भी उन्होंने सार्वजनिक रूप से कोई बड़ा बयान नहीं दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह अनुशासनहीनता और पार्टी लाइन से विचलन माना गया। वहीं चड्ढा ने संसद में हवाई अड्डों पर महंगे खाने, डिलीवरी पार्टनर्स की समस्याएं, टोल प्लाजा और बैंक चार्जेस, गिग वर्कर्स के अधिकार जैसे मुद्दे उठाए, जिन्हें उन्होंने 'आम आदमी' के हितों से जोड़ा। लेकिन पार्टी ने इन्हें 'सॉफ्ट पीआर' करार दिया। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इस विवाद पर बयान भी दिए। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि चड्ढा बीजेपी से डरते हैं, विरोधी दलों के वॉकआउट में शामिल नहीं होते और पंजाब के मुद्दों पर चुप रहते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उन्हें 'कम्प्रोमाइज्ड' बताया और कहा कि जब पार्टी एमएसपी या केंद्र से फंडिंग जैसे बड़े मुद्दे उठाती है, तब चड्ढा छोटे–छोटे मुद्दों पर फोकस करते हैं। आतिशी और अनुराग धंडा ने भी यही स्वर दोहराया कि संसद में सीमित समय में 'समोसे सस्ते' जैसे विषयों पर बोलना राष्ट्रहित से दूर है। पार्टी का तर्क है कि एक छोटी पार्टी के पास संसद में बोलने का सीमित कोटा होता है, इसलिए उसे केंद्र सरकार के खिलाफ सख्त रुख अपनाना चाहिए, न कि 'सॉफ्ट' मुद्दों पर। इस पर चड्ढा ने अपने वीडियो में इन आरोपों का सीधा जवाब दिया। उन्होंने पूछा, हक्या आम आदमी के मुद्दे उठाना अपराध है? मैंने हवाई अड्डे के खाने की महंगाई, गिग वर्कर्स की दुर्दशा, अशुद्ध भोजन और लूटखसोट के मुद्दे उठाए, जिससे आम आदमी को फायदा हुआ। पार्टी को इससे क्या नुकसान हुआ? उन्होंने पार्टी को चेतावनी दी, मेरे मौन को हार मत समझिए। मैं वह नदी हूं जो समय आने पर बाढ़ बन जाती है। यह बयान न केवल व्यक्तिगत दर्द जाहिर करता है, बल्कि पार्टी में असहमति के अधिकार पर भी सवाल खड़ा करता है।

वहीं अन्य राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया ने इस विवाद को और भी रंग दिया है। भाजपा ने इसे आम आदमी पार्टी का आंतरिक मामला बताया, लेकिन चड्ढा को बोलने से रोकने को 'अत्यधिक आपत्तिजनक और तानाशाही' करार दिया। कांग्रेस ने इसे पार्टी में दरार का सबूत माना। पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारींग ने कहा कि च्ढ्ढा पहले से ही पार्टी से 'अलग' दिखते थे, खासकर केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय उनकी अनुपस्थिति को देखते हुए। कुछ कांग्रेस नेताओं का अनुमान है कि च्ढ्ढा पार्टी छोड़कर कहीं और जा सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी पार्टी की एकता पर सवाल उठाए हैं। कुल मिलाकर, विपक्षी दलों ने इस घटना को पार्टी की कमजोरी के रूप में पेश किया है। कुछ विश्लेषक मानते हैं कि चड्ढा पार्टी की आक्रामक एंटी–बीजेपी रणनीति से सहमत नहीं हैं। वे ज्यादा मुद्दा–आधारित और कम व्यक्तिगत हमले वाले रुख अपनाते रहे, जो आम आदमी पार्टी की मौजूदा जरूरत (केंद्र सरकार पर सीधा हमला) से मेल नहीं खाता। दूसरी अटकल यह है कि चड्ढा की बढ़ती लोकप्रियता और मीडिया कवरेज केजरीवाल के लिए खतरा बन गई। स्वाती मालीवाल जैसी पिछली घटनाओं की घटना की याद दिलाते हुए कुछ राजनैतिक पंडित कहते हैं कि आम आदमी पार्टी में 'केजरीवाल से ज्यादा चमक' बर्दाश्त नहीं की जाती। अनुशासन और पंजाब–केंद्रित रणनीति भी एक कारण हो सकता है, क्योंकि चड्ढा पंजाब से सांसद हैं लेकिन पंजाब के बड़े मुद्दों जैसे एमएसपी पर कम सक्रिय रहे। कुछ स्रोतों का दावा है कि चड्ढा को बीजेपी 'प्रमोट' कर रही है या वे स्वतंत्र रूप से राजनीति करने की सोच रहे हैं। हालांकि, इनमें से कोई भी पुष्टि नहीं हुई है। पार्टी ने इसे 'रूटीन संगठनात्मक बदलाव' बताया है, लेकिन टाइमिंग और बोलने पर रोक ने संदेह बढ़ा दिया है। देखा जाए तो यह एक संसदीय लोकतंत्र में पार्टी अनुशासन बनाम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सवाल है। क्या एक सांसद को पार्टी कोटा से बोलने का अधिकार पार्टी नेतृत्व के विवेक पर निर्भर होना चाहिए? संविधान और संसदीय परंपरा में सांसद पार्टी से कहीं ज्यादा जनता का प्रति. निधि है। लेकिन वास्तविकता में व्हिप और पार्टी लाइन बाध्यकारी हैं। आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी जो स्वयं 'स्वराज' और पारदर्शिता का नारा देती रही, में यह घटना उसके सिद्धांतों से मेल नहीं खाती। इसके साथ हीपार्टी की आंतरिक संरचना पर भी कई सवाल उठते हैं। केजरीवाल–केंद्रित पार्टी में असहमति को कैसे हैंडल किया जाता है? पार्टी बनने के समय जो–जो बड़े व चर्चित चेहरे केजरीवाल के साथ थे वे एक–एक करके अलग हुए। अब राघव चड्ढा जैसी घटनाएं पार्टी की 'एकता' की छवि को धक्का पहुंचाती हैं। आम आदमी पार्टी जैसे दलों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत रहने के लिए आंतरिक एकता जरूरी है। चड्ढा जैसे युवा, शिक्षित और मीडिया–सेवी नेता पार्टी की छवि को आधुनिक बनाते थे।

उनका साइडलाइन होना युवा नेताओं को निरुत्साहित कर सकता है। चड्ढा ने जो मुद्दे उठाए वे वाकई आम आदमी से जुड़े थे, महंगाई, श्रमिक अधिकार, उपभोक्ता शोषण, लेकिन राजनीति में संसद सीमित समय में प्राथमिकता 'बड़े राजनीतिक हमले' को दी जाती है। क्या यह 'सॉफ्ट' बनाम 'हार्ड' पॉलिटिक्स का टकराव है? दोनों पक्षों में सच्चाई तो है, एक तरफ पार्टी की रणनीतिक जरूरत, दूसरी तरफ संसद को जन–समस्याओं का मंच बनाने का प्रयास। इस विवाद से भारतीय राजनीति को दो सबक मिलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान ने दी फिर भारत को धमकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फाल्स फ्लैग आपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है।

### युद्ध के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 17 लोग गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायली पुलिस ने तेल अवीव के थिएटर स्क्वायर पर युद्ध के विरोध में रैली कर रहे 17 लोगों को हिरासत में लिया है। 'टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी अधिकारियों से लेबनान, ईरान और गाजा पट्टी में जारी सैन्य कार्रवाई को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। हालांकि इस रैली को मंजूरी दी गई थी, लेकिन यह नागरिक सुरक्षा नियमों के उल्लंघन में आयोजित की गई थी।

### पाकिस्तान में ईंधन सब्सिडी पर पीएम ने की समीक्षा बैठक

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया क्षेत्रीय तनाव के बीच पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय पाकिस्तान के अनुसार बैठक में सब्सिडी वितरण की स्थिति के साथ-साथ देश में ईंधन भंडार और खपत के बारे में भी जानकारी दी गई।

### फ्रांस ने की चीन में अपने नागरिक को मृत्युदंड की निंदा

**पेरिस।** फ्रांस ने अपने नागरिक चान थाओ फूमी (62) को चीन के कैंटन में मृत्युदंड दिए जाने पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 2010 में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में दोषी ठहराए गए चान को दो दशकों से अधिक समय तक कारावास में रखने के बाद मृत्युदंड दिया गया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने के कारण ऑटो-रिक्शा की लंबी कतारें।

## घेब्रेएसस ने ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा पर की चिंता व्यक्त

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि आज सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। घेब्रेएसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं।

# अमेरिकी सेना की गतिविधियां एआई से ट्रैक कर रही चीनी कंपनियां

### ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं



■ चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है

**वाशिंगटन।** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी कंपनियां ईरानी संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ओपन-सोर्स डेटा का इस्तेमाल कर रही हैं।

द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की कई प्राइवेट कंपनियां ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं। हालांकि, चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है। कंपनियां पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेना की तैनाती का विस्तार से विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा के साथ मिला रही हैं। इस डेटा में सैटेलाइट इमेजरी, फ्लाइट ट्रैकर और शिपिंग जानकारी शामिल है। पांच हफ्ते पहले ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से यह ट्रेंड और बढ़ गया है। आनलाइन पोस्ट में अमेरिकी कैरियर मूवमेंट, एयरक्राफ्ट की पोजिशनिंग और बेस गतिविधियों की डिटेल्स दिखाई गई हैं। इसे विश्लेषक तेजी से बढ़ता इंटेलिजेंस मार्केटप्लेस बता रहे हैं। इसमें शामिल कुछ कंपनियों के चीन के मिलिट्री इकोसिस्टम से लिंक होने का दावा किया जा रहा है। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह चीन की रक्षा क्षमता में निजी क्षेत्र के नवाचार को शामिल करने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा है, जिसे उसकी सिविल-मिलिट्री एकीकरण रणनीति के तहत बड़ा सरकारी निवेश भी मिला है। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि अमेरिका के अधिकारियों और विश्लेषकों के विचार इस मुद्दे पर अलग-अलग हैं कि खतरा कितना गंभीर है। अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीटयूट के फेलो रयान फेडासियुक ने द वाशिंगटन पोस्ट से कहा कि चीन में निजी क्षेत्र की जियोस्पेशियल एनालिसिस (स्थान-आधारित डेटा जुटाने वाली) कंपनियों के बढ़ने से उसकी रक्षा क्षमता मजबूत होगी।

# अमेरिकी पायलटों को ईरान से सुरक्षित निकालाः ट्रम्प

### कहाः अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया



■ दावाः तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को किया खत्म
■ पायलट ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे थाः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार सुबह घोषणा की कि अमेरिका ने ईरानी क्षेत्र से उन दो लड़ाकू पायलटों को सुरक्षित निकाल लिया है, जो शनिवार को ईरानी सेना के हमले में दो अमेरिकी विमानों के गिराए जाने के बाद से लापता हो गए थे।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर कहा कि हमने उन्हें पा लिया है! मेरे प्यारे देशवासियों, पायलट अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इस 'चमत्कारी' अभियान में दूसरे पायलट को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाल लिया गया है। इससे पहले एक अन्य पायलट को भी सुरक्षित निकाल लिया गया था, लेकिन इसकी पुष्टि इसलिए नहीं कि गई थी क्योंकि वे दूसरे बचाव अभियान को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि पिछले कुछ घंटों के दौरान, अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि पायलट ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे था और दुश्मन हर घंटे उसके करीब पहुंच रहे थे। ट्रम्प ने कहा कि वह पायलट कभी अकेला नहीं था क्योंकि कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष चौबीसों घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रख रहे थे और बचाव की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने उसे वापस लाने के लिए दुनिया के सबसे घातक हथियारों से लैस दर्जनों विमान भेजे थे। पायलट को कुछ चोटें आई हैं, लेकिन वह ठीक हो जाएगा। अमेरिकी सैन्य इतिहास में यह पहली बार है जब दो अमेरिकी पायलटों को दुश्मन के इलाके के काफी अंदर से अलग-अलग बचाया गया है। ट्रम्प ने गर्व से कहा कि हम कभी भी किसी अमेरिकी योद्धा को पीछे नहीं छोड़ेंगे। ट्रम्प ने दावा किया कि बिना किसी अमेरिकी सैनिक के हताहत हुए इन दोनों ऑपरेशनों को पूरा करना यह साबित करता है कि अमेरिका ने ईरानी आसमान पर पूर्ण वर्चस्व हासिल कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अंत में कहा कि यह एक ऐसा क्षण है जिस पर सभी अमेरिकियों को गर्व होना चाहिए और एकजुट होना चाहिए।

## ईरान में लगातार 37 दिनों से इंटरनेट बंद

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट बंदी ने अब तक के सभी वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की निगरानी करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'नेटब्लॉक्स' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में जारी 'इंटरनेट ब्लैकआउट' अब तक किसी भी देश में दर्ज की गई दुनिया की सबसे लंबी राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंदी बन गई है। नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट सेवाओं को बंद हुए लगातार 37 दिन (864 घंटे) बीत चुके हैं। गंभीरता और समय सीमा के मामले में इसने दुनिया की ऐसी अन्य सभी घटनाओं को पीछे छोड़ दिया है। गौरतलब है कि ईरान में यह सख्त कदम वहां उपजे गंभीर सुरक्षा हालात और राजनीतिक अस्थिरता के बीच उठाया गया है। लगातार इतने दिनों से संचार ठप होने के कारण आम नागरिकों का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट गया है।

## ईरान में हवाई हमले में रेड क्रिसेंट स्वयंसेवक की मौत

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान प्रांत में एक हवाई हमले में अब्दुलफजल देहनवी नामक 20 वर्षीय स्वयंसेवक की मौत हो गई। वह ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के साथ मानवीय सहायता कार्यों में जुटे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला मोबारकेह काउंटी में हुआ, जहां देहनवी नागरिकों की मदद और राहत कार्यों में लगे थे। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार, सहयोगियों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई है। बताया गया है कि क्षेत्र में जारी संघर्ष के दौरान अमेरिकी-इजरायली हमलों में देहनवी की जान गई।

## पश्चिम एशिया संकट के चलते यूक्रेन युद्ध को भूली दुनिया



■ संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है: जेलेंस्की

**इस्तांबुल।** पश्चिम एशिया संकट का असर वैश्विक तौर पर दिख रहा है और पूरी दुनिया में इसे लेकर चिंता का माहौल है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इस युद्ध से खास तौर पर तनावग्रस्त हैं।

जेलेंस्की ने आशंका जताई है कि अगर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन की प्राथमिकताओं में बदलाव के चलते यूक्रेन को बेहद जरूरी पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलों की आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस्तांबुल में 'द एसोसिएटेड प्रेस' को दिए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि रूस के रोजाना हमलों का सामना करने के लिए यूक्रेन को अमेरिका में बने पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की सख्त जरूरत है। रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए हमले के बाद से अग्रिम मोर्चे के अलावा शहरी इलाकों में भी रूसी हमलों में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, जिससे ड्रोन और मिसाइल उत्पादन बाधित हुआ है और सर्दियों में नागरिकों को हीटिंग और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित होना पड़ा है।

Icon Preschool & Daycare
ADMISSION OPEN
For Session 2026-27
Branch 1: Dev Homes, Phase-I, Bigwara, Phulsungi Road, Rudrapur (U.S. Nagar) U.K
Mob.: 7078609994, 7078609995
Branch 2: F-55, Adarsh Colony, Near Sanatan Girls Degree College, Rudrapur, Uttarakhand

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
फीस 100/- रूपये मात्र
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.